दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

वर्षः 2 | अंकः 197 जयपुर, मंगलवार, 27 जून, 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### मिशन कांग्रेस रिपीट को लेकर दिल्ली में आज होगी बैठक



**जयपुर।** राजस्थान में मिशन कांग्रेस सरकार रिपीट को लेकर दिल्ली में मंगलवार को बैठक बैठक 11 बजे होगी। बैठक राजस्थान हाउस में या फिर महासचिव के आवास पर रखी जा सकती हैं। बैठक में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और तीनों सह प्रभारियों को बुलाया गया हैं। इसमें राजस्थान में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीति को लेकर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह बैठक बुलाई है।

### 'आदिपुरुष' मेकर्स को हाई कोर्ट ने लगाई फटकार



**लखनऊ।** फिल्म आदिपुरुष पर रोक की मांग वाली याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सोमवार को सुनवाई हुई। वकील कुलदीप तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट ने सेंसर बोर्ड और फिल्म मेकर्स को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि रामायण-कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब और गीता जैसे पवित्र ग्रंथों को तो बख्श दीजिए। लखनऊ बेंच में सेंसर बोर्ड की तरफ से वकील अश्विनी सिंह पेश हुए। हाईकोर्ट ने पूछा कि सेंसर बोर्ड क्या करता रहता है? सिनेमा समाज का दर्पण होता है। आने वाली पीढ़ियों को क्या सिखाना चाहते हो? अब मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार



अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**नए जिलों की सियासत:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्थानीय विधायकों के साथ की चर्चा

# लोकसभा क्षेत्र की तर्ज पर जयपुर के दो भाग का नया फॉर्मूला

## जयपुर शहर को एक रख, जयपुर देहात के नाम से होगा नया जिला

**बेधड़क | जयपुर**

नए जिलों के गठन की कवायद राज्य सरकार के लिए मुसीबत का सबब बनती जा रही है। राजधानी जयपुर को दो भागों में बांटने के पुराने प्रपोजल पर लगातार विवाद होता देख अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दखल के बाद नया फॉर्मूला सामने आ रहा है।

सरकार की ओर से जयपुर उत्तर और जयपुर दक्षिण जिले बनाने की घोषणा हुई थी, जिसके खिलाफ जयपुर के जनप्रतिनिधियों ने ही मोर्चा खोल दिया था। दूदू को नया जिला बनाए जाने के बाद सांभर-फुलेरा को लेकर भी उग्र आंदोलन देखने को मिला था।

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री गहलोत ने उदयपुर जाने से पहले सोमवार को अपने आवास पर जयपुर के सभी विधायकों की एक बैठक बुलाई, जहां नए जिलों के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बताया जा रहा है कि सरकार अब जयपुर शहर और जयपुर देहात दो नए जिले बना सकती है, जिन पर सहमति बन गई है। हालांकि सरकार की ओर से अधिकारिक घोषणा का अभी इंतजार है। बैठक में मंत्री लालचंद कटारिया, प्रताप सिंह खाचरियावास, शहर और ग्रामीण इलाके से कांग्रेस विधायक शामिल रहें।

वहीं इससे पहले रविवार को सांभर-फुलेरा जिला बनाओ संघर्ष समिति की ओर से सांभर-फुलेरा को संयुक्त रूप से जिला बनाने और कुछ कस्बों की दूदू में नहीं जाने की मांग पर जमकर बवाल हुआ, जहां अजमेर हाईवे जाम करने के बाद पथराव और आंसू गैस के गोले छोड़े गए। इसमें कई लोग और पुलिसवाले घायल हो गए। इस मामले में 58 आंदोलनकारियों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां उनकी जमानत अर्जी को खारिज कर दिया गया।



### बैठक में नहीं पहुंचे दूदू विधायक नागर

बैठक में दूदू विधायक बाबूलाल नागर नहीं थे। बताया जा रहा है कि नागर का नेगेटिव फीडबैक सीएम के पास पहुंचा है जहां दूदू विधायक बाबूलाल नागर के भाषण के बाद सांभर-फुलेरा के लोग नाराज होकर दूदू की सीमा तक पहुंच गए थे

### यह फॉर्मूला आ रहा है सामने

जयपुर को लोकसभा सीट की तर्ज पर दो भागों में बांटा जा सकता है। इसमें जयपुर देहात का मुख्यालय भी जयपुर शहर में रहेगा और झोटवाड़ा, चौमूं, जमवारामगढ़, बस्सी, चाकसू, आमेर को उसमें शामिल किया जा सकता है। शाहपुरा को भी जयपुर देहात में शामिल किया जा सकता है। वहीं दूदू जिले में भी सांभर फुलेरा को शामिल नहीं किया जाएगा, ऐसे में अब जो जनता दूदू और कोटपूतली में नहीं जाना चाहती वो जयपुर देहात में जा सकती है और दूदू में भी कुछ बदलाव किया जाएगा। इसके साथ जयपुर में जयपुर शहर, जयपुर देहात, कोटपूतली और दूदू कुल 4 जिले होंगे।

### जनभावनाओं का सम्मान करना प्राथमिकता

बैठक के बाद मंत्री खाचरियावास ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं को देखकर ही फैसला लेने का कहा है और जनता की सुविधाओं को देखते हुए उनकी भावनाओं का सम्मान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हम किसी तरह का टकराव नहीं चाहते हैं और मुख्यमंत्री ने खुद कहा है कि हम लोगों के साथ किसी तरह की जबरदस्ती नहीं करेंगे, जो जहां रहना चाहता है वहां रह सकता है।

**इंद्रदेव मेहरबान:** प्रदेशभर में बरसात का दौर


# मानसून की जयपुर में 4 दिन पहले एंट्री... कई जिले भीगे

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेशभर में मानसून की दस्तक के बाद उत्तरी और दक्षिणी जिलों में जगह-जगह बारिश का दौर सोमवार को भी जारी रहा। वहीं राजधानी समेत कई जिलों में मानसून की एंट्री समय से चार दिन पहले हो गई, जिसके कारण जगह-जगह बारिश हुई। इधर पिछले 48 घंटों में सर्वाधिक बारिश श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा मानसून की एंट्री होते ही सोमवार को प्रदेश की सभी जगहों का तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया, दो दिन पहले 43 डिग्री को भी पार कर गए श्रीगंगानगर का तापमान 10 डिग्री तक गिरकर 33 डिग्री पर पहुंच गया। इससे गर्मी और उमस से राहत मिली।

### समय से पहले आया मानसून

राजधानी जयपुर में रविवार देर रात मानसून की एंट्री हो गई। हालांकि इस वर्ष राजधानी में मानसून की दस्तक समय से चार दिन पहले हुई है, सामान्यतया यहां मानसून 30 जून को आता है। इधर समय से पहले आए मानसून के कारण सोमवार को दिनभर रुक-रुक कर बरसात का दौर चला। यहां करीब 10 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।




फोटो: पंकज शर्मा

### आज यहां बरसात का अलर्ट

*मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार मंगलवार को सिरोही, बाड़मेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालौर और श्रीगंगानगर के अलावा प्रदेशभर में आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।*

### तीन दिन प्रदेश में कई स्थानों पर होगी झमाझम

"मानसून प्रदेश के कई इलाकों में तीन से चार दिन जल्दी पहुंच गया है। इसके चलते पूर्वी इलाकों के अलावा पश्चिमी इलाकों में भी बारिश रिकॉर्ड की जा रही है। बुधवार और गुरुवार को कम दबाव के क्षेत्र से पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियों में और बढ़ोतरी होगी तथा 29 जून को दक्षिण पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश होने की भी संभावना है।

**-राधेश्याम शर्मा,** निदेशक, मौसम केंद्र जयपुर

### सड़क-खेतों में भरा पानी

श्रीगंगानगर में पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश जारी है। इसके कारण पूरे शहर में जगह-जगह पानी भर गया। यहां 184 एमएम से भी अधिक हुई बारिश के कारण मोटरसाइकिल, स्कूटी पानी में डूबी नजर आईं। जगह- जगह जलभराव के कारण पैदल और दुपहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां कई इलाकों में खेत भी पानी से लबालब भरे नजर आए।

### अलवर में भी बरसा अच्छा पानी

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार प्रदेश की अधिकतर जगहों पर सोमवार को दिनभर बारिश का दौर चला। इधर पिछले 48 घंटों में सर्वाधिक बारिश श्रीगंगानगर में 184.8 एमएम रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा अलवर में 106.4 एमएम, राजसमंद में 98 एमएम, सीकर और चित्तौड़गढ़ में 73 एमएम, कोटा में 69 एमएम बारिश दर्ज की गई

### औसत से 211% अधिक बारिश

प्रदेशभर में इस मानसून के सीजन में औसत से 211 फीसदी अधिक दर्ज की गई है। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष मानसून के सीजन में (एक जून से 30 सितंबर तक) औसतन 414.5 एमएम बरसात दर्ज की जाती है। जून महीने में करीब 50 एमएम औसत बरसात होती है। इस वर्ष 1 से 25 जून तक राज्य में 116.5 एमएम औसत बरसात दर्ज की जा चुकी है जो औसत से 211 फीसदी अधिक है।

**केंद्रीय मंत्री के विवादित बोल...**

# 'राजेंद्र राज' बना दो... ईआरसीपी के लिए दे दूंगा पैसा

- शेखावत का वीडियो हुआ वायरल, कांग्रेस ने कहा- यह भाजपा का दोहरा चरित्र
- सवाई माधोपुर के सर्किट हाउस का बताया जा रहा है वीडियो



**बेधड़क | जयपुर**

ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को लेकर कांग्रेस और भाजपा में सियासी बयानबाजी और खींचतान के बीच केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के वायरल हो रहे एक वीडियो ने राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दी।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में केंद्रीय मंत्री शेखावत कह रहे हैं कि मैं तो ईआरसीपी बनवा दूंगा। थोड़ा सा जोर लगाओ आप, 46 हजार करोड़ रुपए दे दूंगा। राजेंद्र राठौड़ का राज बना दो, तुरंत बन जाएगा। इस वीडियो को लेकर प्रदेश कांग्रेस और कई कांग्रेसी नेताओं ने ट्वीट किया है। कांग्रेस ने कहा कि यह वीडियो भाजपा नेताओं के दोहरे चरित्र को उजागर कर रहा है। दरअसल यह वायरल वीडियो रविवार को सवाई माधोपुर के सर्किट हाउस का बताया जा रहा है। इसमें शेखावत, राठौड़ स्थानीय नेताओं से बातचीत कर रहे हैं। इनमें से एक स्थानीय नेता ने जब पूर्वी राजस्थान में ईआरसीपी की बात कही तो शेखावत ने यह बात कह दी। प्रदेश कांग्रेस ने ट्विटर अकाउंट पर भी इस वीडियो को शेयर किया है।

## संभागीय आयुक्त नीरज से बंगला खाली कराएगा हाउसिंग बोर्ड

**बेधड़क | जयपुर**

हाउसिंग बोर्ड ने बीकानेर संभागीय आयुक्त नीरज के पवन को पिछले 10 साल से आवंटित बंगले को खाली कराने के निर्देश जारी करते हुए समस्त बकाया किराया मय ब्याज एवं पेनल्टी के जमा कराने के निर्देश दिए हैं। नीरज को पक्ष रखने के लिए 7 दिन का नोटिस जारी किया था। उनके जवाब के बाद यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के स्तर पर अंतिम निर्णय लिया गया। इसमें नीरज को एक माह में आवास संख्या पी 21 खाली करके कब्जा सुपुर्द करना होगा।

गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने पिछले दिनों एनआरआई कॉलोनी राज आंगन पहुंचकर योजना में बंदरबांट का आरोप लगाया था।

**PM राजस्थान पर जल्द करेंगे फैसला**

# चुनाव से पहले मोदी कैबिनेट में हो सकते हैं चौंकाने वाले फेरबदल

- कई दिग्गजों को हटाकर नए चेहरों को दे सकते हैं मौका
- **राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ पर रहेगा विशेष फोकस**
- संगठन को लेकर भी हो सकते हैं अहम फैसले

**बेधड़क | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही राजस्थान समेत सभी चुनाव वाले राज्यों को लेकर बड़े फैसले कर सकते हैं। सूत्रों की मानें तो इस बदलाव से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को लेकर काफी हद तक स्थिति साफ हो सकती हैं। ऐसे संकेत हैं प्रधानमंत्री मोदी अपनी टीम के साथ साथ संगठन में भी बड़े बदलाव करने जा रहे हैं।

इस बदलाव में केंद्रीय मंत्रिमंडल से कई केंद्रीय मंत्रियों की जहां छुट्टी हो सकती है, वहीं कई प्रभारी भी बदले जा सकते हैं। इस बदलाव



में राजस्थान सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल से चौंकाने वाले चेहरों की छुट्टी के आसार है। संगठन प्रभारी को लेकर भी चर्चा है। दरअसल कर्नाटक की हार के बाद लगातार बदल रहे माहौल से बीजेपी के नेता चिंतित है। खास तौर पर राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से आ रही रिपोर्ट ने बीजेपी की चिंता और बढ़ा दी है। रिपोर्ट में इन तीनों राज्यों में कांग्रेस आसानी से जीत की तरफ बढ़ती दिख रही है। इस बीच विपक्ष के एक जुट होने की कोशिशों ने भी चिंता बढ़ाई है।

सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री मोदी विदेश से वापस लौटने के बाद बाद अब इसी रणनीति में जुट गए हैं कि कैसे फिर से कार्यकर्ताओं में जोश भरा जाए। मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड तो बन चुका है। संगठन को लेकर भी अहम फैसले करने हैं। अभी जो खबरें बाहर आ रही हैं, प्रधानमंत्री मोदी पिछली बार की तरह कई दिग्गजों को अपनी टीम से हटा नए चेहरों को मौका दे सकते हैं। इसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ पर विशेष फोकस रहने वाला है। तीनों चुनाव वाले राज्यों में आपसी लड़ाई के चलते कमजोर संगठन को फिर से ताकतवर बनाने की कोशिश होगी।

### राजस्थान बीजेपी में मुख्यमंत्री पद के कई दावेदार

पूर्व सीएम राजे को अब चेहरा बनाने को लेकर पार्टी स्थिति साफ करेगी। हालांकि उनको लेकर पार्टी के लिए फैसला बहुत आसान नहीं रह गया। क्योंकि पार्टी ने पहले से ही मुख्यमंत्री पद के लिए कई दावेदार पैदा कर दिए। इनमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल की चर्चा तो है ही, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौर, राजेंद्र राठौड़ आदि की सीएम के नाम के लिए चर्चा होती रहती है। रेल मंत्री को अगर छोड़ दें तो बाकी सभी नेताओं का अपना गुट है। उनके समर्थक बकायदा उम्मीद बांधे हुए हैं कि इस बार उनके नेता की बारी आ सकती है। हालांकि पूरे प्रदेश में पकड़ पूर्व सीएम राजे की ही है। ऐसे में मोदी के लिए फैसला आसान नहीं है। पार्टी 6 माह पहले किसी को चेहरा बनाएगी यह देखना होगा। चेहरे के नाम पर पार्टी अभी भी पीएम मोदी का ही नाम लेती। इस बार भी ऐसा कुछ कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव से प्रधानमंत्री मोदी का यह अंतिम फेरबदल होगा। क्योंकि ठीक 11 माह बाद आम चुनाव होने हैं।

**जरूरी खबर**

### डिस्कॉम कर्मियों ने परिजनों के साथ दिया धरना



**जयपुर।** इंटर डिस्कॉम तबादले की मांग को लेकर 71 दिन से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने में डिस्कॉम कर्मचारियों के परिजन भी शामिल हुए। विधायक आवास के बाहर चल रहे धरने में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इंटर डिस्कॉम संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि पिछले 23 वर्षों से इंटर डिस्कॉम तबादले नहीं होने से हजारों बिजली कर्मियों को आए दिन तनावपूर्ण माहौल में नौकरी करने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार को विद्युतकर्मियों को राहत प्रदान कर जल्द इंटर डिस्कॉम तबादले खोलने चाहिए।

### परियोजनाओं में बाधक अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्यालय पर पीडब्ल्यूडी के एनएच, पीपीपी और भारत सरकार के सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के भूमि अधिग्रहण के कार्यों को लेकर विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में 16 जिलों के संबंधित भूमि अवाप्ति अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान गालरिया ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं के बीच आ रहे अतिक्रमण जिनकी वजह से कार्य बाधित हो रहे है, उन्हें प्राथमिकता से हटाया जाए। मुख्य सचिव उषा शर्मा के निर्देश पर हुई बैठक में मुख्य अभियंता एनएच डीआर मेघवाल, मुख्य अभियंता, क्षेत्रीय अधिकारी केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय आलोक दीपांकर और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आरपीएससी के छियासठ कार्मिक हुए पदोन्नत



**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्मिकों के पदोन्नति प्रकरणों को लेकर सोमवार को पदोन्नति समिति की बैठक हुई। संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि समिति की अनुशंसा अनुसार 66 कार्मिकों को नियमित पदोन्नति प्रदान की गई है। राजपत्रित संवर्ग में उपसचिव के 4, सहायक सचिव के 7, अनुभाग अधिकारी के 8 पदों पर कार्मिकों को पदोन्नत किया गया है। वहीं अराजपत्रित संवर्ग में सहायक अनुभाग अधिकारी के 24, लिपिक ग्रेड-प्रथम के 20 और लिपिक ग्रेड-द्वितीय के 3 पदों पर कार्मिकों को पदोन्नति प्रदान दी गई है।

**भाजपा का मिशन 2023-2024: इस सप्ताह भाजपा के टॉप लीडर्स प्रदेश के दौरे पर, अगले महीने आएंगे पीएम मोदी**

# राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को चुनौती देंगे केंद्रीय नेता

## ■ शाह उदयपुर में, सिंह जोधपुर में तो जेपी नड्डा भरतपुर में करेंगे सभा

**बेधड़क | जयपुर**

देश की राजनीति में राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा-लोकसभा चुनाव काफी अहम माने जा रहे हैं। इसी को लेकर भाजपा ने मिशन 2023-2024 को फतेह करने की तैयारी को लेकर बिसात बिछाना शुरू कर दिया है।

सीएम अशोक गहलोत की ओर से उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं के भरोसे प्रदेश में कांग्रेस सरकार रिपीट करने के दावों को चुनौती देने के लिए आगामी दिनों में भाजपा के टॉप लीडर्स प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तक के नाम शामिल हैं।

वहीं केंद्र सरकार की गत नौ साल की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करने लिए इससे पहले भी पिछले कुछ महीनों से भाजपा के दिग्गज नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के दौरे लगातार जारी हैं। ऐसे में यह माना जा रहा है कि भाजपा राजस्थान के रण को फतेह करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाने में जुट गई है। माना जा रहा है कि प्रदेश में विधानसभा व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विकास कार्यों की सौगात देने को लेकर केंद्रीय नेताओं के आने का सिलसिला चुनावी आचार संहिता लगने तक बरकरार रहेगा।




### पीएम मोदी का जुलाई में राजस्थान दौरा संभव

पीएम मोदी के आगामी माह जुलाई में जोधपुर और चित्तौड़गढ़ में आने की संभावना हैं। गत दिनों अजमेर में सभा करने के बाद अब मोदी सीएम अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर में आने की तैयारी कर रहे हैं। पीएम मोदी जोधपुर में करीब 3 हजार करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण कर सकते हैं। हालांकि अभी दौरे की तारीख तय नहीं हुई हैं। वहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी ने चित्तौड़गढ़ के मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के दौरान कहा था कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेज केंद्र सरकार की देन हैं। इनका पीएम मोदी ने ही शिलान्यास किया था और वे ही लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस योजना का शिलान्यास करते हैं, उसका लोकार्पण भी करते हैं। इसलिए जोशी ने दावा किया था कि पीएम मोदी खुद चित्तौड़गढ़ आएंगे।

### इस सप्ताह ही आएंगे यह नेता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह, जेपी नड्डा और राजनाथ सिंह का इसी सप्ताह में राजस्थान आने का कार्यक्रम बन चुका हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 जून को राजस्थान आएंगे और भरतपुर के नदबई में जनसभा करेंगे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 जून को उदयपुर में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 28 जून को विधानसभा क्षेत्र के बालेसर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी बीच यह भी माना जा रहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 जून को जयपुर भी आ सकते हैं। राजधानी की एक होटल में प्रदेश के नेताओं से उनका संवाद कार्यक्रम प्रस्तावित है। सूत्रों की माने तो उदयपुर में सभा के बाद वे राजधानी जयपुर पहुंच सकते हैं।

**मेवाड़-वागड़ दौरे में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

# मोदी मार्केटिंग में माहिर, उनका लोकतंत्र में विश्वास नहीं: सीएम

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक बार फिर मेवाड़-वागड़ दौरे पर रहे। मेवाड़ दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने उदयपुर में संभाग स्तरीय किसान महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी इतने चालाक हैं कि वे किसानों को सालाना सिर्फ 3 किस्तों में 6 हजार की आर्थिक मदद देते हैं, जबकि मैं प्रदेश के किसानों को 2 हजार यूनिट बिजली मुफ्त दे रहा हूं।

इसका मतलब 1800 रुपए प्रतिमाह और इस हिसाब से सालाना 21,600 रुपए की आर्थिक मदद हुई। फिर भी मोदी मार्केटिंग में माहिर हैं। गहलोत ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि केन्द्र सरकार संस्थाओं पर हावी हो रही है।

आदिवासी बहुल आबादी वाले डूंगरपुर जिले के थाणा में महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन करते हुए गहलोत ने कहा कि देश के हालात ठीक नहीं हैं। केन्द्र सरकार संस्थाओं पर हावी हो रही है। प्रवर्तन निदेशालय, ईडी, इनकम टैक्स, आयकर विभाग और सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने धन एकत्रित कर लिया है। चुनाव के लिए इनका विश्वास लोकतंत्र में है नहीं। हम तो सीमित संसाधनों से चुनाव लड़ेंगे।



### जयपुर देहात हो सकता है अलग जिला

गहलोत ने जयपुर जिले के अलग-अलग जिले बनाने को लेकर मंत्री और विधायकों के विरोध पर कहा कि जयपुर एक ही जिला रहेगा। जयपुर देहात का बाकी हिस्सा बहुत ही बड़ा है। उसका अलग जिला हो सकता है। जयपुर देहात को अलग जिला बनाने के लिए परीक्षण करवाया जा रहा है। सीएम सलूम्बर को नया जिला घोषित किए जाने पर आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित करने यहां पहली बार पहुंचे। जहां गहलोत ने कहा कि राज्य में नए जिलों की घोषणा से प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। जिला बनने से प्रशासनिक समन्वय बेहतर होगा व कार्यों में सुगमता होगी। वहीं सलूम्बर का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि उदयपुर से 80 किमी दूरी तथा अन्य भौगोलिक कारणों से यहां विकास अपेक्षित गति से नहीं हो पाया। अब जिला बनने से यहां जिला स्तरीय कार्यालय खुलेंगे, जिससे विकास को गति मिलेगी। वहीं आमजन के जिला स्तर के कार्य भी नजदीक ही हो सकेंगे। सीएम ने कहा कि अपने कार्यों के लिए क्षेत्रवासियों को अब उदयपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### मणिपुर हिंसा को काले अक्षरों में लिखा जाएगा

गहलोत ने कहा कि मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा था। सैकड़ों लोग हिंसा में मारे गए, लेकिन प्रधानमंत्री और गृह मंत्री कर्नाटक में कैंपेन कर रहे थे। अगर वह चाहते तो मणिपुर हिंसा को रोकने के लिए कदम उठाते और लोगो के बीच जाते। मणिपुर भी देश का एक छोटा राज्य है। वे चाहते तो लोगों के बीच जाते जिसका फायदा उन्हें कर्नाटक चुनाव में मिल सकता था, लेकिन उनके इस काम को लोगो ने पसंद नहीं किया और इसलिए भाजपा को कर्नाटक में हार मिली। मुख्यमंत्री ने कहा की मणिपुर हिंसा को इतिहास के काले अक्षरों में लिखा जाएगा।

### सीएम ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं

उदयपुर में गहलोत ने कहा कि मेरा सपना है कि राजस्थान 2030 तक देश में नंबर वन राज्य बने। इस दौरान सीएम ने जिले के विकास के लिए 3 महत्वपूर्ण घोषणाएं की। इसमें उदयपुर के बलीचा में 100 बीघा जमीन पर 50 करोड़ की लागत से फल-सब्जी मण्डी बनाने और गौण मण्डी बलीचा को स्वतंत्र मण्डी घोषित करने तथा उदयपुर जिले में सीताफल, आम, वनोपज और औषधीय पादपों के अनुसंधान व उत्पादन की आधुनिकतम तकनीक विकसित किए जाने की दृष्टि से 3 सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित करने की भी घोषणा की।

**समान पात्रता परीक्षा से भर्ती**

# परीक्षा में सीईटी के 40% अंक की योग्यता की मांग

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आगामी भर्तियों में मुख्य परीक्षा की योग्यता लिए आयोजित हुई समान पात्रता परीक्षा में 15 गुणा अभ्यर्थियों के चयन की शर्त का लगातार विरोध बढ़ रहा हैं।

गौरतलब हैं कि सीईटी परीक्षा के दोनों स्तरों में प्राप्तांकों के आधार पर आगामी प्रत्येक भर्ती में विज्ञापित पदों की संख्या के 15 गुणा अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए योग्य घोषित करने की शर्त रखी गई थी। ऐसे में अब नई भर्ती की मुख्य परीक्षा के लिए केवल उन 15 गुणा में चयनित हुए अभ्यर्थियों को ही मौका मिलेगा। ऐसे में इस शर्त से उन लाखों बेरोजगारों को मुख्य परीक्षा में मौका नहीं मिलेगा, जो 15 गुणा में पास नहीं हुए हैं।

बेरोजगारों की मांग को लेकर वन मंत्री हेमाराम चौधरी, बायतु विधायक हरीश चौधरी, विधायक इंद्रा मीणा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सीईटी में मुख्य परीक्षा में चयन की शर्त 15 गुणा हटाकर 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को योग्य मानने को लेकर पत्र लिखा हैं। उन्होंने लिखा कि सीईटी एक सामान्य पात्रता परीक्षा है, जिसमें 40 प्रतिशत अंक प्राप्त अभ्यर्थियों को योग्य माना जाए।

### इन पदों के लिए होगी सीधी भर्ती

सीईटी स्नातक के जरिए होने वाली भर्तियों में से 9 भर्तियों में 6479 पद हैं। स्नातक लेवल में कनिष्ठ लेखाकार, तहसील राजस्व लेखाकार, सुपरवाइजर, पर्यवेक्षक महिला (महिला बाल विकास),पटवारी भर्ती, जिलेदार भर्ती, छात्रावास अधीक्षक ग्रेड द्वितीय भर्ती, उप कारापाल भर्ती,प्लाटून कमांडर भर्ती, भर्तियां होगी। वहीं सीईटी सीनियर सेकंडरी लेवल में 478 पदों पर भर्तियां होगी जिसमें कांस्टेबल, वनपाल, छात्रावास अधीक्षक, क्लर्क ग्रेड II, जूनियर असिस्टेंट और जमादार ग्रेड – II शामिल हैं। इस परीक्षा को देने के बाद ही प्राप्त अंकों के आधार पर आगामी भर्ती में हिस्सा ले सकेंगे।

**पीएम का मेरा बूथ सबसे मजबूत बूथ संवाद कार्यक्रम**

# भोपाल में हो रहे संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रदेश के 170 कार्यकर्ता

**बेधड़क | जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से विशेष महासंपर्क अभियान आयोजित होगा।

इसमें जनता को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। अभियान के तहत जिला, मंडल, शक्ति केन्द्र एवं बूथ केन्द्र पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विशेष महासंपर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को एमपी के भोपाल में बूथ संवाद में देशभर के 10 लाख से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता ऑनलाइन जुड़ेगें। मेरा बूथ सबसे मजबूत बूथ संवाद कार्यक्रम में भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी देश भर की प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से चयनित 10-10 कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे।

### 25 लोकसभा क्षेत्रों से चुने गए कार्यकर्ता

बूथ संवाद कार्यक्रम के राजस्थान प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनिया ने बताया कि राजस्थान की 25 लोकसभा क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी चयनित 170 कार्यकर्ता भोपाल पहुंच चुके हैं जो आज बूथ संवाद कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेंगे। इस कड़ी में देशभर के लोकसभा क्षेत्रों से चयनित कार्यकर्ताओं से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी चर्चा करेंगे।

**उद्योग विभाग में हुई उच्च स्तरीय बैठक**

# सेंटर फॉर एक्सीलेंस से ब्लू पॉटरी संवर्धन

**बेधड़क | जयपुर**

शहर के आस-पास के क्षेत्र में राज्य से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, ब्लू पॉटरी के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस, लॉजिस्टिक पार्क व औद्योगिक विकास से जुड़े कार्यों को सीमा में अमलीजामा पहुंचाने के लिए कवायद तेज कर दी है।

उद्योग विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता ने उद्योग भवन के बीआईपी सभागार में जिला प्रशासन, जयपुर विकास प्राधिकरण, रीको, उद्योग, ब्यूरो ऑफ इण्डस्ट्रीयल प्रमोशन और संबंधित विभागों के अधिकारियों की साथ उच्चस्तरीय बैठक ली।




एसीएस उद्योग वीनू गुप्ता ने कहा कि राज्य में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन किया गया है। इसी तरह से ब्लू पॉटरी के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित किया जाना है। उन्होंने बताया कि जहां प्रदेश निर्यात में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी कर रहा हैं। वहीं प्रदेश से निर्यात की विपुल संभावनाएं है। इसके लिए आरईपीसी का जयपुर शहर के आस-पास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जेडीए प्राथमिकता से भूमि उपलब्ध कराएं। गुप्ता ने कहा कि शहरी क्षेत्र में लॉजिस्टिक पार्क के लिए स्थान चिह्नित कर उपलब्ध कराया जाना है।

लॉजिस्टिक सेवाओं से औद्योगिक उत्पादों के आवागमन के लिए बेहतर सेवाएं विकसित हो सकेगी। उन्होंने प्रहलादपुरा औद्योगिक क्षेत्र में सड़क सुधार, नेवटा के पास ड्रेनेज समस्या, कुंजबिहारी पुरा औद्योगिक क्षेत्र, चाकसू के पास रीको के नए औद्योगिक क्षेत्र की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

**नए जिलों को लेकर घमासान जारी**

# जिलों के ऐलान को भाजपा ने बताया सत्ता में वापस लौटने का पैंतरा

## ■ राठौड़ बोले- कमेटी की रिपोर्ट आए बिना ही कर दी घोषणा

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में नए जिलों की घोषणा के बाद से घमासान लगातार जारी है। रविवार को सांभर व फुलेरा को जिला बनाने की मांग को लेकर हुए बवाल के बाद भाजपा राज्य सरकार पर हमलावर हो गई है।

भाजपा नेताओं ने 19 नए जिलों की घोषणा को कांग्रेस का सत्ता में वापस लौटने का पैंतरा बताते कांग्रेस पर जुबानी हमला बोला। वहीं सरकार की घोषणाओं को कठघरे में खड़ा कर दिया हैं। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री का 19 नए जिलों का ऐलान सत्ता में वापस लौटने का पैंतरा हैं। मुख्यमंत्री ने 17 मार्च 2023 को सदन में राजस्थान विनियोग संख्या विधेयक 2023 और राजस्थान वित्त विधेयक 2023 पर चर्चा के दौरान रामलुभाया कमेटी की रिपोर्ट के आए बिना ही प्रदेश में 19 जिलों के गठन और 3 संभाग की घोषणा कर दी जो अब सरकार के गले की ही फांस बन गई हैं।



उन्होंने कहा कि नए जिलों को लेकर प्रदेश में आंदोलन चल रहे हैं जो हिंसक होते जा रहे हैं। इसके बावजूद सरकार जनभावनाओं से खिलवाड़ कर रही हैं।

### जनता से रायशुमारी कर हो सकता है गठन

नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 16 के तहत जनता से राय एवं सुझाव लेकर ही नोटिफिकेशन जारी कर नए जिलों का गठन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नए जिलों की घोषणा को 3 महीने से अधिक समय बीत चुका है। 1 अप्रैल 2023 को विधिवत रूप से नए जिले अस्तित्व में आ जाने चाहिए थे, लेकिन अभी तक सरकार ने कलेक्टर की बजाय महज विशेषाधिकारी लगाए हैं।

### विधायकों के दबाव में बनाए नए जिले



भाजपा प्रवक्ता व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि सरकार ने वोट बैंक की राजनीति को साधने और विधायकों के दबाव में नए जिले बना दिए। सत्ता में वापसी के लिए यह प्रयास कर रहे हैं। वोट बैंक की राजनीति के लिए जिले बनाने की घोषणा की गई थी वो प्रयास अब इन पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। ग्राम पंचायत को जिला बनाने की घोषणा कर दी जाती है तो वही उसी ग्राम पंचायत के उपखंड को दरकिनार किया जाता है। इसी तरह कई नए जिले तो ऐसे हैं, जिनमें कुछ तहसीलों के लोग शामिल नहीं होना चाहते। करीब 20 सालों से चली आ रही जिलों की मांग को लेकर सरकार ने ध्यान नहीं दिया। जिन शहरों को जिला बनाने की जरूरत थी उनको जिला नहीं बनाया गया।

### बिना डिमांड के जिले बने गलफांस



**जयपुर।** प्रदेश में पहले की समस्याएं हल नहीं करने के अलावा सरकार ने बिना डिमांड के जिले बनाकर लोगों को आपस में लड़ने को छोड़ दिया है। सरकार के लिए यह चाल सत्ता में वापसी की बजाय गले की फांस बन गई है। नए जिलों को लेकर प्रदेश में आंदोलन हिंसक हो गए हैं। इसके लिए तुरंत प्रभाव से जनभावना के अनुसार उचित फ़ैसला करना चाहिए। ये बात आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने सोमवार को कहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे- वैसे राजस्थान में राजनीतिक तस्वीर साफ होती जा रही है। सत्तारूढ़ कांग्रेस का तो काउंट डाउन शुरू हो चुका है और बीजेपी तो कहीं सीन में ही नजर नहीं आ रही है।

## जरूरी खबर

### जेडीए: दो नवीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने सोमवार को जोन-14 में निजी खातेदारी की करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर बनाई जा रही 2 अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-14 में मालपुरा रोड पर ग्राम बनियावाली में निजी खातेदारी करीब 4 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति के एवं बिना भू रूपान्तरण भूमि को समतल कर सड़कें बनाई गई थी। अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना पर टीम ने पहुंचकर उसे ध्वस्त करा दिया। वहीं सांगानेर तहसील के गांव रूपवास में निजी खातेदारी की करीब 6 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति भूमि को समतल कर सड़कें बनाई गई थी। इसे भी प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त किया गया।

### यूजी व पीजी कोर्सेज में आवेदन की तिथि बढ़ी



**जयपुर।** राजस्थान विश्व विद्यालय के पीजी और यूजी कोर्सेज में आवेदन की तिथि को बढ़ा दिया गया है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश पूर्व परीक्षा (यूआर एटीपीजी) के लिए अब 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर किए जा सकेंगे। वहीं आरयू के संघटक महाविद्यालयों महाराजा, महारानी, कॉमर्स औरराजस्थान कॉलेज में स्नातक पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवेदन 30 जून तक किया जा सकेंगे। आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट admission.unirajedu.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**नगर निगम ग्रेटर:** आज होगी साधारण सभा की पांचवीं बैठक, सड़क निर्माण समेत विभिन्न कार्यों के बजट पर की जाएगी चर्चा

# अपनों का साथ तो ही विकास के एजेंडे पर बढ़ पाएगी बात

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर की साधारण सभा की पांचवीं बैठक मंगलवार को हो रही है। पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होने वाली बैठक में विभिन्न जोनों में विकास कार्यों की बजट राशि के बारे में चर्चा की जाएगी। इसमें सड़क निर्माण, पेच वर्क, श्मशान घाट के विकास और राजस्व में वृद्धि आदि पर चर्चा की जाएगी। सभा को लेकर सत्ता पक्ष भाजपा ने पूरी तैयारी कर ली है। वहीं विपक्ष में बैठे कांग्रेस के पार्षद भी शहरी सरकार को घेरने के इरादे से सभा में आने की बात कर रहे हैं। पिछली बार की सभा में हुए हंगामें से सबक लेते हुए महापौर सौम्या गुर्जर की कोशिश सभा में सभी को साथ लेकर विकास कार्यों पर चर्चा करने पर होगी। महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि मानसून को देखते हुए जल्द सड़कों का निर्माण, आपदा राहत कार्यों की समीक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर पर चर्चा की जाएगी। इसमें पक्ष और विपक्ष के पार्षदों से विचार करने के बाद कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।




### भाजपा पार्षद ही उतर आए थे महापौर के विरोध में

पिछली सभा में मेयर ने व्यवस्था की थी कि एक सदस्य एक ही प्रस्ताव पर बोलेगा, जिससे सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिले। लेकिन यहां भाजपा के पार्षद ही महापौर के विरोध में उतर आए। इससे सत्ता पक्ष को तीखी आलोचना झेलनी पड़ी। इस बार महापौर और भाजपा पार्षदों को एक राय में विकास की बात करनी होगी। पूर्व मेयर व भाजपा पार्षद शील धाभाई ने भी महापौर सौम्या गुर्जर पर विपक्ष की बात ज्यादा सुनने का आरोप लगा दिया था।

### पिछली सभा में पास हुए थे 15 प्रस्ताव

नगर निगम की ओर से चौथी साधारण सभा में 18 प्रस्ताव शामिल किए गए थे। इनमें से 15 प्रस्ताव पास हुए। दो प्रस्तावों को रद्द कर दिया गया और वार्डों के विकास से जुड़े प्रस्ताव पर हंगामा होने के कारण इसे आगामी बैठक तक टाल दिया गया। इसी के साथ बैठक स्थगित कर दी गई थी।

### विपक्ष भी दे जनहित पर ध्यान

पिछली बार बीजेपी पार्षद विकास बारहठ व निर्दलीय पार्षद स्वाति परनामी आपस में उलझ गए थे। इनके बीच बहस इतनी बढ़ी कि निर्दलीय पार्षद स्वाति परनामी सदन में ही धरने पर बैठक गई। दूसरी तरफ कांग्रेसी पार्षद भी बीजेपी पार्षद के खिलाफ नारे लगाने लगे। इसके बाद कांग्रेस पार्षद दल के नेता राजीव चौधरी व भाजपा पार्षद विकास बारहठ आपस में उलझ गए थे। इस बार विपक्ष को जनहित के मुद्दों को लेकर शहरी सरकार को घेरना होगा।

### शहरी विकास को लेकर हैं प्रतिबद्ध

"किसी भी तरह से शहर का विकास हों। समस्याओं का अंत हो, इसके लिए हम ये साधारण सभा करने जा रहे हैं। सभा में जनहित के मुद्दों के साथ कई योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। हम सभी शहरी विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

**डॉ. सौम्या गुर्जर,** महापौर, नगर निगम ग्रेटर

**गुलाबीनगर में मानसून का प्रवेश, शहर के कई इलाके हुए तरबतर**

# दिनभर रिमझिम के तराने

## जयपुर में दो दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट, हवा के साथ बारिश होने का अनुमान

बेधड़क | जयपुर

मानसून ने राज्य में प्रवेश करने के दूसरे दिन सोमवार को जयपुर शहर में भी प्रवेश कर लिया। शहर का मौसम सुबह से ही खुशनुमा था, फिर दिन चढ़ने के साथ ही बादलों ने राजधानी को भी तरबतर कर दिया।

सुबह करीब 10 बजे तक मौसम साफ था, लेकिन दोपहर 12 बजे बाद परकोटे, सीकर रोड, सी स्कीम, टोंक रोड, गोपालपुरा व मालवीय नगर इलाकों में करीब आधा घंटा बारिश हुई। मानसून की पहली बारिश का शहर के लोग ने भीग कर स्वागत किया। शहर में कई स्थानों पर सोमवार को लोग बारिश के दौरान छतों पर भीगते नजर आए।

बारिश के बावजूद भी लोग सड़कों पर दुपहिया वाहन चलाते नजर आए। मौसम विभाग जयपुर के अनुसार सोमवार को शहर में 9.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। आगामी दो दिन के लिए जयपुर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो-तीन दिन हवा के साथ बारिश होने का अनुमान है।

शहर के साथ जयपुर के ग्रामीण इलाकों में हुई बारिश ने किसानों के चेहरे पर रौनक ला दी है। सांगानेर, बस्सी, आमेर, जमवारामगढ़ इलाकों में हुई बारिश से कई जगहों पर पानी भर गया। कई गांवों में बारिश के पानी से खेत लबालब हो गए। बारिश होने के साथ ही गांवों में किसानों ने खरीफ की फसल की बुवाई की तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आने वाले दिनों में इसी तरह लगातार बारिश होती रही तो जल्द फसलों की बुवाई शुरू कर देंगे।



फोटो: पंकज शर्मा

### पिकनिक स्पॉट पर बढ़ी रौनक

बारिश के साथ ही शहरवासियों ने मौसम का मजा लेने के लिए राजधानी के पिकनिक स्पॉटों की ओर रुख किया। नाहरगढ़, आमेर, अल्बर्ट हॉल, चूलगिरी आदि स्थानों पर लोगों की भीड़ देर रात तक जुटी रही। नाहरगढ़ किले से लोग शहर के खुशनुमा मौसम को अपने मोबाइल में कैद करते दिखाई दिए, यूथ भी ग्रुप के साथ सेल्फी लेने में मशगूल रहा। वहीं बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों को परेशानी भी उठानी पड़ी। टूटी सड़कों के गड्ढों में बारिश का पानी भर गया, जिससे दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी हुई।



फोटो: राजेश कुमावत

**चिकित्सा विभाग ने शुरू की सख्ती**

# अगले सप्ताह से बायोमेट्रिक मशीन से ही होगी हाजिरी



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के अस्पतालों व मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे डॉक्टर्स सहित अन्य चिकित्साकर्मियों की अब बायोमेट्रिक से ही अटेंडेंस लगेगी। चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह ने इस सबंध में आदेश जारी किए हैं। अब चिकित्साकर्मियों की आने-जाने के समय में होने वाली मनमानी को रोकने के लिए अगले सप्ताह से यह कवायद शुरू होगी। एसीएस ने इस संबंध में आदेश जारी कर 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है, जिसमें कहा है कि राज्यों के चिकित्सा संस्थानों व कार्यालयों में चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों व पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य कर्मचारियों की हाजिरी अगले सप्ताह से बायोमेट्रिक से ही होगी। इसके लिए चिकित्सा संस्थानों में बायोमेट्रिक मशीन लगाई जाए।

गौरतलब है कि एसीएस सिंह ने कई अस्पतालों में जाकर औचक निरीक्षण किया था, जिसमें कई अस्पतालों में सीनियर डॉक्टर्स और अन्य स्टाफ के समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने की शिकायत मिल रही थी। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में दौरों के बाद एसीएस ने अब सख्ती की है। वहीं साल 2017 में इस संबंध में नेशनल मेडिकल कमीशन ने भी आदेश जारी किए थे, लेकिन कोरोना के कारण यह कवायद पूरी नहीं हो सकी थी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी का मामला**

# SOG ने किया सीए को गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी मामले में एक सीए को गिरफ्तार किया गया है। एडीजी एटीएस व एसओजी अशोक राठौड़ ने बताया कि नवजीवन सोसायटी द्वारा किए गए गबन के प्रकरण में अभियुक्त सीए अनिल कुमार जैन को गिरफ्तार किया गया है। यह लाल कोठी जयपुर का रहने वाला है।

सोसायटी की ओर से गुजरात और राजस्थान में 228 शाखाएं खोलकर करीब 2 लाख निवेशकों की ओर से निवेशित 391 करोड़ रुपए की जमा पूंजी का गबन किया गया है। इस संबंध में एसओजी ने संचालक गिरधर सिंह सहित 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। अनुसंधान में पाया कि सोसायटी के संचालकों ने षड्यंत्र कर नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी में जमा निवेशकों के करोड़ों रुपयों को अन्य कम्पनियों में डायवर्ट कर गबन किया। अभियुक्त अनिल कुमार जैन स्टर्लिंग बैंक में डायरेक्टर के पद पर और नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी की सहयोगी कम्पनियों फ्यूचर रियल मार्ट, नवजीवन टैक्नोलोजी और नव एपेरेल में स्टेचुरी ऑडिटर के पद पर रहा है।



**राजस्थान विश्वविद्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर स्टूडेंट्स का अनोखा प्रदर्शन**

# पेड़ पर चढ़े छात्र, 3 घंटे के बाद उतरे

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को 2 छात्र मुख्य द्वार के पास नीम के पेड़ पर चढ़ गए। छात्र नेता विनोद भूदोली के नेतृत्व में सोमवार को छात्र विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर जेएलएन मार्ग की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने रोका तो छात्र पेड़ पर चढ़ गए और नारेबाजी करने लगे। छात्र करीब 3 घंटे तक पेड़ पर ही डटे रहे। बाद में चीफ प्रॉक्टर एचएस पलसानिया ने समझाइश कर छात्रों को नीचे उतारा। छात्र नेता रिंकू मीणा ने बताया कि मांगों को लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा समाधान नहीं करने पर प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ा।

छात्रों ने बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, कैंपस में लगातार बढ़ती गुंडागर्दी व लड़ाई-झगड़े पर अंकुश लगाने और आपराधिक प्रवृत्ति के छात्रों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने, लगातार फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने को लेकर प्रदर्शन किया।



**महंगाई की मार: कम सप्लाई से सब्जियों के दाम चार गुना तक बढ़े**

# सब्जियों के भाव आसमां पर, टमाटर 100 रुपए किलो तो अदरक 300 पार

बेधड़क | जयपुर

प्रदेशभर में सब्जियों की कीमतों में इस सप्ताह आए उछाल से आम आदमी के घर का बजट बिगड़ गया है। जहां पिछले दिनों टमाटर के भाव 20 से 30 रुपए प्रति किलो तक थे, वो अब बढ़कर 100 रुपए पहुंच गए हैं।

इसके अलावा 100 रुपए प्रति किलो मिलने वाली अदरक भी 300 रुपए किलो के आस-पास जा पहुंची है। सब्जियों की बढ़ी कीमतों की वजह मौसम और डिमांड से कम सप्लाई को माना जा रहा है। राजधानी की सबसे बड़ी मुहाना मंडी में सोमवार को भी सब्जियों के भाव में उछाल दर्ज हुआ। गौरतलब है कि पिछले दिनों मंडी में टमाटर की आवक इतनी थी कि यह खराब हो रहा था। मवेशियों को डालना पड़ रहा था और किसानों को मंडियों में फेंकना पड़ रहा था।

अब यह इतना महंगा हो गया है कि लोगों को खरीदने में पसीना आ रहा है। मंडी विशेषज्ञों की मानें तो आगामी दिनों में भी सब्जियों के भावों मे तेजी ही रहेगी, जिसके चलते महंगाई बढ़ सकती है और आम आदमी को अभी फिलहाल राहत मिलने वाली नहीं है।



### मुहाना मंडी में थोक भाव

| सब्जी | दाम (Rs/kg) |
|---|---|
| टमाटर | 60-65 |
| अदरक | 190-195 |
| मटर | 60-65 |
| बीन्स | 50-55 |
| फूलगोभी | 50-55 |
| टिंडा | 35-40 |
| नींबू | 25-30 |
| करेला | 20-25 |
| अरबी | 25-30 |
| ग्वार फली | 25-28 |
| हरी मिर्च | 20-25 |
| लौकी | 15 |
| भिंडी | 15-20 |
| बैंगन | 10-12 |

### औरंगाबाद और बेंगलुरु से आवक कम

टमाटर जल्द खराब होने और पैदावार घटने के साथ औरंगाबाद और बेंगलुरु से आने वाले टमाटर की खेप कम होने से कीमतें बढ़ी हैं। वहीं बरसात के कारण बहुत से ट्रक हाईवे पर अटके हैं। स्थानीय स्तर पर सांगानेर, चौमूं, मुहाना, कोटपूतली, शाहपुरा के खेतों से भी टमाटर की सप्लाई घट गई है। इस कारण दाम बढ़ गए हैं। बारिश में अदरक भी 300 रुपए किलो पहुंच गई है। सोमवार को मंडी में अदरक की थोक कीमत 190 से 195 रुपए प्रति किलो रही। अदरक 4- 5 दिन पहले तक थोक भाव में 60 से 65 रुपए प्रति किलो बिक रही थी। बारिश के दिन आने और ठंडक बढ़ने से चाय के लिए भी अदरक की डिमांड बढ़ गई है, लेकिन मंडी में सप्लाई कम है। भीगने से फंगस लगने, गीली अदरक जल्द खराब होने के कारण माल गल रहा है, जो अदरक की बढ़ी कीमतों की वजह माना जा रहा है।

### लोकल आवक बंद होने से हो रही कीमतों में बढ़ोतरी: तंवर



जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ मुहाना टर्मिनल मार्केट के अध्यक्ष राहुल तंवर ने बताया कि टमाटर, अदरक के भाव आसमान छू रहे हैं। मंडी में टमाटर बेंगलुरु, महाराष्ट्र के औरंगाबाद और हिमाचल प्रदेश के सोलन से आ रहा है। वहां भी बारिश के कारण खेतों में पानी भरने से फसल खराब हो गई है। राजस्थान और जयपुर में लोकल क्षेत्रों से टमाटर की आवक खत्म हो चुकी है। टमाटर की आवक अन्य प्रदेशों से मुहाना मंडी में हो रही है। अदरक बेंगलुरु से आ रही है। फसल कमजोर होने से अदरक के दामों में भी काफी तेजी है।

## जरूरी खबर

### फतेहपुर चौकी इंचार्ज रिश्वत लेते गिरफ्तार



**सीकर।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी कस्बे में सोमवार को चूरू एसीबी की टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान सिकरिया चौराहे पर पुलिस चौकी में चौकी इंचार्ज हेड कांस्टेबल को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से आरोपी के पास से रिश्वत राशि भी जब्त कर ली। चूरू एसीबी के डीएसपी शब्बीर खान ने बताया कि चूरू एसीबी ब्यूरो ऑफिस में परिवादी ने 23 जून को शिकायत की थी। मारपीट मामला कोतवाली फतेहपुर थाने में दर्ज है। इसमें मदद के लिए हेड कांस्टेबल शब्बीर खां ने 15 हजार रुपए मांगे थे।

### सफल रहा बंद का आह्वान, चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस

**झालावाड़ा।** जिले में हिन्दू युवती से दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन का मामला सामने आने के बाद हिन्दूवादी संगठनों की ओर से सोमवार को जिले में बंद का आह्वान किया गया था। इस मामले में एक युवक पर अन्याय पूर्ण कार्रवाई का विश्व हिन्दू परिषद और बजरंगदल ने विरोध जताया। वहीं जिले में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी। इस दौरान हिन्दू संगठनों ने जुलूस निकालकर कार्यवाहक तहसीलदार हरिशंकर जांगिड़ को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा। बाजारों में सुबह से ही दुकानें बंद रही।

### मछली पकड़ने गए युवक की नाले में डूबने से मौत



**अजमेर।** रामगंज थाना अंतर्गत कच्छावा गार्डन के नजदीक दौराई नाले में सोमवार को मछली पकड़ने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पानी में कांटों में फंसे जाल को निकालने के लिए वह नाले में उतरा था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में जा गिरा। तेज बहाव के चलते युवक डूब गया। सूचना मिलते ही पुलिस, सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला। आईपीएस अभिषेक अंधासु ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों से पता चला कि अजय राम (22) दौराई नाले में मछलियां पकड़ रहा था, इस दौरान यह हादसा हो गया।

## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान: मंत्री धारीवाल ने वार्ड-57 में निकाली पदयात्रा, जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत

# बारिश से होने वाली परेशानी को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश

बेधड़क | कोटा

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने मानसून की दस्तक के साथ ही जिला प्रशासन को विशेष निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहर में जलभराव के हालात नहीं बनें इसको लेकर निगम अधिकारियों को बड़े नालों की प्रॉपर मॉनिटरिंग एवं निगम टीम को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि चंबल रिवर फ्रंट दोनों किनारों पर सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर रहा है। रिवरफ्रंट का दूसरा फेज से शहर का निचला इलाका सुरक्षित हो जाएगा। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत भी सोमवार को मंत्री धारीवाल ने नयापुरा क्षेत्र के वार्ड 57 में क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर बारिश से होने वाली समस्या के बारे में जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों को मौके पर ही विशेष निर्देश दिए।



हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का कारवां जैसे ही वार्ड 57 में पहुंचा नयापुरा सब्जी मंडी क्षेत्र सहित वार्ड की विभिन्न गली मोहल्लों में मंत्री धारीवाल और पीसीसी सदस्य अमित धारीवाल का लोगों ने स्वागत किया। जगह-जगह स्वागतद्वार लगाए गए। इस दौरान आतिशबाजी और पुष्पवर्षा की। लोगों ने दोनों नेताओं को फूल माला एवं साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

### क्षेत्र के मंदिरों के किए दर्शन

पदयात्रा के दौरान रास्ते में जो भी मंदिर आए वहां जाकर मंत्री शांति धारीवाल और अमित धारीवाल ने दर्शन किए और देश-प्रदेश में सुख समृद्धि की प्रार्थना की। पदयात्रा के दौरान मंत्री धारीवाल से क्षेत्र के वरिष्ठ लोग भी मुलाकात के लिए आतुर नजर आए। जैसे ही मंत्री धारीवाल उनके बीच पहुंचे तो उन्होंने गले लगा लिया पुरानी यादों को ताजा कर मंत्री धारीवाल ने वरिष्ठजनों के साथ वक्त बिताया और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। पदयात्रा के दौरान राकेश शर्मा राकू, दिनेश विजय, चेतन मेवाड़ा महेश अनीजवाल, हेमराज साहू, योगेश चावला, पवन यादव, विजय शर्मा, हरीश नागर समय क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम के दौरे की व्यवस्था को देखा

मुख्यमंत्री गहलोत के 28 जून को कोटा दौरे पर रहेंगे। उनके प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान निर्धारित कार्यक्रमों के तहत तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री धारीवाल ने बताया कि 28 जून को सीएम गहलोत कोटा आएंगे। वे यहां महंगाई राहत कैंप का अवलोकन करेंगे और गुमानपुरा में स्थापित की गई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। सीएम यहां सभा को भी संबोधित करेंगे। इसके साथ ही सीएम गहलोत उम्मेद सिंह स्टेडियम में मेगा जॉब फेयर में पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रमों के बाद अगर समय मिला तो विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल चंबल रिवर फ्रंट और ऑक्सीजोन पार्क का भी सीएम अवलोकन करगे। सीएम गहलोत के कोटा दौरे को लेकर तैयारियों का सोमवार को न्यास सचिव राजेश जोशी ने निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## गांव में कोहराम: मंदिर को हटाने की बात पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

# जमीन विवाद में दो चचेरे भाइयों की हत्या, हमले में 18 हुए घायल

बेधड़क | अलवर

जिले नौगांवा थाना क्षेत्र में सोमवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया और दो जनों की हत्या कर दी गई। जमीन पर बने मंदिर को तोड़ने को हुए विवाद में दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई।

इस दौरान एक ही परिवार की तीन महिलाओं समेत 18 लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अलवर के निजी हॉस्पिटल में पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक नौगांवा गांव में दोपहर करीब 12 बजे यह वारदात हुई। हमले में नौगांवा निवासी मंगतू (45) और ब्रजेश उर्फ बिरजी (40) पुत्र श्रवण की मौत हो गई। उनके परिवार का इसी गांव के नेमी, मोहन, गज्जू, फल और हवाई से काफी समय से विवाद चला आ रहा है। घायलों के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी गांव में पुश्तैनी जमीन है। इस पर खेत में चबूतरा और मंदिर बनवाया गया था, लेकिन दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे तोड़ दिया था। इसका मामला कोर्ट में लंबित है। सोमवार को अचानक दूसरे पक्ष के 40 से ज्यादा लोग खेत में आ गए और खेत जोतने लगे।

इस पर हमने मना किया तो उन्होंने लाठी, फरसे और हथियारों से हमला कर दिया। मंगतू और ब्रजेश के सिर में लाठियां मार दीं। हमले में रघुवीर, राजेंद्र, खमानी, मिर्ची, बहादूर, शांति, पप्पी और मथरी समेत 18 लोग घायल हो गए।





### पूरी तैयारी से आए थे हमलावर

घायल पक्ष के लोगों ने बताया कि आरोपी पहले से ही हमला करने की पूरी तैयारी से आए थे। सब लोगों ने हमारे परिवार को घेरकर हमला कर दिया। उस समय सभी लोग खेत में काम कर रहे थे। उनका आरोप है कि आरोपी पक्ष के लोगों के साथ राजू सरपंच और गिर्राज मास्टर भी थे। हमले में घायल हुए मंगतू ने अस्पताल जाते समय और ब्रजेश ने अस्पताल इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों को अलवर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को नौगांवा अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन 16 घायलों को स्थिति बिगड़ते देखकर उन्हें अलवर रेफर कर दिया गया।

### आरोपियों की तलाश जारी फोर्स भेजी

अलवर पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि नौगांव में जमीन को लेकर विवाद हो गया। जिसमें एक ही समाज के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। चार घायलों को अलवर रेफर किया गया। इनमें से 2 की मौत हो गई है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस फोर्स भेजी गई है। आरोपियों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इलाके में दबिश दी जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अलवर से अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है।

## नील गाय सामने आने से हादसा

# बेकाबू कार पलटने से दो लोगों की मौत



बेधड़क | बाड़मेर

सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे एक परिवार की बोलेरो कार बेकाबू होकर पलट गई। इसके चलते कार में सवार दो जनों की मौत हो गई वहीं 6 जने घायल हो गए। बताया जा रहा है कि अचानक से कार के सामने नील गाय आ जाने से हादसा हुआ।

बोलेरो में परिवार के 10 लोग सवार थे। हादसा बाड़मेर के गिड़ा परेऊ गांव में हुआ। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के शवों को गिड़ा हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया। वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए बालोतरा नाहटा हॉस्पिटल रेफर किया गया।

गिड़ा थाने के हेड कांस्टेबल प्रेमाराम के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 12 बजे रामसर भाचभर निवासी एक ही परिवार के 10 लोग बोलेरो कार से गांव के सामाजिक प्रोग्राम में शामिल होने के लिए पाटौदी जा रहे थे।

गिड़ा परेऊ सड़क मार्ग पर नीलगाय के बीच में आ जाने से बोलेरो गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। इसमें रामसर भाचभर निवासी ईशाक खान (60), लूणा खान (75) पुत्र जिदे खान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गाड़ी में सवार 6 लोग गंभीर घायल हो गए। जानकारी मिलने पर गिड़ा पुलिस मौके पर पहुंची।

घटना स्थल पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त गाड़ी को हटवाकर जाम को खुलवाया। आस-पास के लोगों ने घायलों को निजी वाहन से हॉस्पिटल पहुंचाया।

## सगस बावजी को धोक लगाने आया था जोड़ा

# मंदिर से दुल्हन को अगवा करने के आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर

बेधड़क | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा शहर में 23 जून को तलवार की नोक पर नवविवाहिता को अगवा कर ले जाने वाले आरोपियों का अब तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

इस घटना को लेकर सुभाष नगर थाने में मामला दर्ज करवाया गया था, लेकिन वारदात के तीन दिन बाद भी पुलिस पुलिस आरोपियों का पता नहीं लगा पाई है। सुभाष नगर थाना प्रभारी जगदीश चंद्र मीणा ने बताया कि बिजोलिया निवासी रवि नायक ने दीपक कोली नाम के युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करवाया है। उसने बताया कि उसकी शादी लाछुड़ा गांव निवासी रेणु उर्फ योगिता नायक के साथ 23 जून को हुई थी। दुल्हन की विदाई के बाद वह भीलवाड़ा शहर की कृषि उपज मंडी में सगस बावजी के स्थान पर अपने परिजनों के साथ जोड़े से धोक लगाने आया था।



इस दौरान 3 बदमाशों ने तलवार की नोक पर उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया। इस दौरान बदमाशों ने परिवादी और उसके परिजनों पर भी हमला किया। उन्होंने काफी दूर तक बदमाशों का पीछा किया, लेकिन आरोपी फरार हो गए। वहीं मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## दस साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग, पीछा छुड़ाने के लिए रची साजिश

# पहाड़ी पर प्रेमी ने की थी महिला की हत्या

बेधड़क | भीलवाड़ा

जिले में मानपुरा की पहाड़ियों पर मिले महिला के लहूलुहान शव को लेकर पुलिस ने गुत्थी सुलझा ली है। महिला की हत्या उसी के प्रेमी ने गला दबाकर की थी। इसके बाद पहचान छुपाने के लिए पत्थर ताबड़तोड़ वार कर उसका चेहरा कुचल दिया था।

प्रेमी ने महिला से पीछा छुड़ाने के लिए इस खौफनाक साजिश को अंजाम दिया। दोनों में दस साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देवगढ़ की रहने वाले शादीशुदा महिला प्रेमलता (42) और माताजी का खेड़ा निवासी दौलत सिंह राजपूत के बीच 10 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक ही कपड़ा फैक्ट्री में काम करते थे। यहां हुई मुलाकात के बाद दोनों में प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। आरोपी दौलत रोजाना शराब पीने का आदी है, इसके चलते उसका महिला से आए दिन झगड़ा होता था। रोजाना के झगड़े को लेकर वह अपनी प्रेमिका प्रेमलता से परेशान हो गया था। इस कारण वह प्रेमलता से छुटकारा पाना चाहता था। इसके लिए उसने हत्या की साजिश रची।





आरोपी दौलत योजना के अनुसार शुक्रवार रात को प्रेमिका को घुमाने की बात कहकर बाइक से मानपुरा की पहाड़ियों पर ले गया। जहां उसने प्रेमलता की गला दबाकर हत्या कर दी। शव की पहचान नही हो इसलिए उसने चेहरे को बुरी तरह पत्थर से कुचल दिया और फिर फरार हो गया। पुलिस की जांच में विवाहिता के प्रेमी दौलत का नाम सामने आया। पुलिस उसकी तलाश में घर पहुंची तो वह लापता था, इसके बाद पुलिस का शक उस पर गहरा गया।

पुलिस ने थाना इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मृतका और उसके प्रेमी दौलत की कॉल डिटेल भी निकाली गई। इसके बाद पुलिस की टीम और सक्रिय हुई। आरोपी दौलत की गिरफ्तारी के लिए एक दर्जन से अधिक स्थानों पर दबिश दी। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की गई तो आरोपी ने प्रेमिका से पीछा छुड़ाने के लिए हत्या करना कबूल कर लिया।

## पुलिस महानिदेशक मिश्रा ने की पुरस्कृत करने की घोषणा

# बदमाशों को पकड़ने वाले पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

### सरपंच के बेटे पर गोली चला लूट ले गए थे नकदी और सोने-चांदी के आभूषण

बेधड़क | चूरू

जिले में शनिवार को इन्द्रसर निवासी सरपंच के घर डकैती के लिए घूसे बदमाशों को पुलिस ने वारदात के बाद 12 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए आरोपी हार्डकोर बदमाश हैं। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राजस्थान के अलावा हरियाणा, गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में 50 से अधिक डकैती एवं फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इस घटना में सरपंच पुत्र पुनीत गोस्वामी ने बदमाशों को ललकारा एवं उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर घायल कर दिया। गोली उसके कंधे पर लगी थी। बाद में उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था।

डीजीपी ने घटना के तुरन्त बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा फायरिंग के बावजूद बदमाशों का पीछा कर उन्हें पकड़ने में दिए गए सहयोग की प्रशंसा की है।



### मुठभेड़ के बाद पकड़े गए आरोपी

पुलिस अधीक्षक चुरू राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आरोपियों को पकडने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर उनका लगातार पीछा किया गया। ग्राम मांगला जोहडी में एक आरोपी की ओर से पुलिस से बचकर भागने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस निरीक्षक सुभाष चन्द्र के साथ पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग कर आरोपी को दबोच लिया। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी तथा वारदात करने वाले सभी 6 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक मकान को टारगेट कर डकैती डालते हैं और विरोध होने पर फायर कर लूट व डकैती कर फरार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों से दो देसी कटटे, कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त जीप बरामद की गई है।

### इनको किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में भूरा कश्यप (25) निवासी बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद, राजकुमार कश्यप (31) निवासी बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद हाल बवाना रोड शाबा रोड दिल्ली, गुलशन उर्फ पोली (19) निवासी रामविहार बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद, राजू उर्फ नन्हें (55) निवासी रामविहार बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद, लखमी (35) निवासी रामविहार बनथला तथा सागर (20) निवासी बनथला पुलिस थाना लोनी, गाजियाबाद शामिल है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवकों की गई जान

बेधड़क | धौलपुर

जिले में एनएच 123 यूपी सीमा पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास विपरीत दिशा में तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारी दी। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर हादसे के बाद मारुति ब्रेजा कार के टायर फट गए। फटे हुए टायर के साथ ही चालक भाग खड़ा हुआ।

बाद में नजदीक पेट्रोल पंप पर कार खड़ी कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कार में चार लोग सवार थे और सभी ने शराब पी रखी थी। धौलपुर जिले के सैंपऊ कस्बे के मढ़ी मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय विजेंद्र कुशवाहा और 26 वर्षीय पवन रविवार को भरतपुर जिले के रुदावल कस्बे में रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात को दोनों बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच 123 पर सिद्ध बाबा मंदिर के नजदीक तेज रफ्तार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसा देखकर घटनास्थल पर राहगीर रुक गए। उन्होंने दुर्घटना की सूचना आगरा जिले की जगनेर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को शिनाख्त कर हादसे के बारे में परिजनों को सूचना दी। दुर्घटना की बात सुनकर दोनों मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। भागे दौड़े परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने कार चालकों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। जगनेर थाना पुलिस ने मामला दर्ज होने पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## अचीवमेंट: SERB-SURE ग्रान्ट से पादप विज्ञान में शोध करेंगे डॉ. सिंह व डॉ. सांखला

# आरयू के दो शिक्षकों को मिली 53 लाख की रिसर्च ग्रान्ट

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB) ने राजस्थान विश्वविद्यालय के दो असिस्टेंट प्रोफेसर्स को 53 लाख रुपए की रिसर्च ग्रान्ट के लिए चुना है।

SERB की रिसर्च ग्रान्ट योजना SURE (स्टेट यूनिवर्सिटी रिसर्च एक्सीलेंस) के लिए आरयू के वनस्पति शास्त्र विभाग में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ. चन्द्रपाल सिंह व डॉ. इन्दु सिंह सांखला को चुना गया है। पादप विज्ञान में शोध कार्य के लिए डॉ. चंद्रपाल सिंह को 27 लाख व डॉ. इंदु सिंह सांखला को 26 लाख रुपए की ग्रान्ट मिलेगी। तीन वर्षीय शोध कार्यक्रम के लिए इन्हें ग्रान्ट की राशि सालाना जारी की जाएगी। इसके साथ ही इन्हें रिसर्च वर्क में सहयोग के लिए एक-एक एसोसिएट भी मिलेगा । ग्रान्ट मिलने पर कुलपति प्रो. राजीव जैन, विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा विजयवर्गीय व अध्यक्ष रूटा डॉ. संजय कुमार ने दोनों सहायक आचार्यों को बधाई व शुभकामनायें दी हैं।





### इन विषयों पर करेंगे रिसर्च

डॉ. चन्द्रपाल सिंह पिछले 10 वर्षो से माइक्रो आरएनए व पादपों में जीन नियमन पर कार्य कर रहे है। डॉ. सिंह को यह ग्रान्ट राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी में सूखा प्रतिरोधी जीन को पहचानने व उनके गुणों का अध्ययन करने के लिये प्रदान की गई है। डॉ. इंदु सिंह सांखला पिछले 10 वर्षो से लेग्यूम पादपों की मूल ग्रन्थिकाओं में नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने वाले राइजोबियम पर कार्य कर रहे है। इस ग्रान्ट के माध्यम से डॉ. सांखला अरावली की पहाड़ियों पर मिलने वाले विशेष लेग्यूम पादपों में उपस्थित राइजोबियम की विविधता का अध्ययन करेंगे।

### 3500 आवेदन 330 चयनित

SERB की ओर से स्टेट यूनिवर्सिटीज की फैकल्टी को रिसर्च ग्रान्ट की इस योजना SURE के तहत आवेदन मांगे जाते हैं। इस वर्ष देशभर से 3500 से अधिक आवेदन आए थे। इनमें से लगभग 330 लोगों इसके लिए चुना गया है। योजना में अधिकतम 30 लाख रुपए की ग्रान्ट दी जाती है।

## Yuva स्टोरीज



**छात्र स्नेह मिलन समारोह 9 जुलाई को |**

**जयपुर।** श्री भवानी निकेतन छात्र महाविद्यालय के वर्तमान और पूर्व छात्रों का स्नेह मिलन व स्नेह भोज कार्यक्रम 9 जुलाई को आयोजित होगा। कार्यक्रम कालवाड़ रोड स्थित सांगा मैरिज गार्डन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर कालवाड़ रोड़ स्थित एक होटल में सोमवार को मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग शामिल हुए पूर्व और वर्तमान छात्रों ने आयोजन की सफलता के लिए कार्ययोजना बनाई।



**170 प्रतिभाएं सम्मानित |**

**जयपुर।** बलाई समाज का प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह सोमवार को चाकसू में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि आईपीएस रवि प्रकाश मेहरड़ा और पूर्व संसदीय सचिव कैलाश वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन सेविका भारती बागोटिया ने की। कार्यक्रम में सरकारी नौकरियों में चयनित, छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं समेत अन्य क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 170 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समाज के भामाशाहों को भी प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समाज के वरिष्ठ नागरिकों का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष घासी लाल बावलिया, बलाई महासभा अध्यक्ष मनीष देवंदा, जी एल वर्मा, राज पाल बुनकर, कार्यक्रम प्रभारी प्रहलाद बल, बंशी लाल कटारिया, नाथू लाल केरापा, बनवारी लाल नातडीवाल, मूल चंद बाजडगांव, सुरेश मोची समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



# 305 युवा अग्निवीर बनने के लिए 'फिट'

**बेधड़क** | जयपुर

सेना भर्ती कार्यालय जोधपुर की ओर से अजमेर में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली के तहत सोमवार को अन्तिम दिन आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में 305 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। सेना भर्ती कार्यालय जोधपुर के निदेशक (भर्ती) कर्नल दीपांकर बसु ने बताया कि अग्निवीर के रूप में राष्ट्र की सेवा करने के लिए भारतीय सेना द्वारा युवाओं को अवसर प्रदान किया जा रहा है। अजमेर स्थित कायड़ विश्राम स्थली में अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा के माध्यम से शॉर्टलिस्टेड 8540 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए सोमवार को 878 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों में से 305 युवा सफल घोषित किए गए। रैली में सफल अभ्यर्थियों के अन्य परीक्षण, औपचारिकताएं एवं दस्तावेज सत्यापन के कार्य भी हुए। इसमें खरे उतरे अभ्यर्थियों का मेडिकल मंगलवार को प्रातः 6 बजे से मेडिकल बोर्ड द्वारा किया जाएगा। मेडिकल में अनफिट रहने वाले युवा मिलिट्री हॉस्पिटल जोधपुर में समीक्षा करवा सकते हैं।

## JECRC में 'कर्तव्य पथ ब्लॉग्स' लॉन्चिंग में बोले विजयशेखर

# हमारा टैलेंट ही चाहिए तो हिन्दी सीख ले अमेरिका




**बेधड़क** | जयपुर

आज वो समय आ चुका है कि अगर अमेरिका जैसा देश भारत के टैलेंट और यहां के बाजार को इस्तेमाल करना चाहता है तो वो हिन्दी सीखना शुरू कर दे। पेटीएम फाउंडर व सीईओ विजय शेखर शर्मा ने स्टूडेंट्स के हुजूम को जब ये बात कही तो स्टूडेंट्स की उत्साह भरी हूटिंग से सारा माहौल देश के प्रति गर्व के भावों से भर गया। मौका था सोमवार को जेईसीआरसी कैंपस में 'कर्तव्य पथ ब्लॉग्स' लॉन्चिंग का।

कर्तव्य पथ ब्लॉग्स को लॉन्च कर शर्मा स्टूडेंट्स से रूबरू हुए, देश-दुनिया के वर्तमान सिनेरियो की उन्हें जानकारी दी और भविष्य के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने कहा कि हम इस टैक्नोलॉजी एज में फर्स्ट वर्ल्ड हैं, हमें भारत में रहकर ही अपना और अपने देश का विकास करना चाहिए, ना कि विदेश जाकर।

उन्होंने डेवलप्ड कंट्री की बात करते हुए कहा कि डेवलप्ड कंट्री वो है जहां अवसर, बेसिक रिक्वायरमेंट्स अच्छे से मिलें। उन्होंने स्टूडेंट्स को अपनी वैल्यूज का हमेशा सम्मान करने की नसीहत देते हुए कहा कि हमें वैल्यूज को कभी नहीं भूलना चाहिए क्योंकि वैल्यूज से होकर ही सक्सेस का रास्ता जाता है। साथ ही हमें अपने पास्ट पर फोकस छोड़कर भविष्य पर काम करना चाहिए।

इस अवसर पर जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान की 89 यूनिवर्सिटीज में से जेईसीआरसी को यह मौका मिला ये बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि जेईसीआरसी नए विचारों को और उभरते एंटरप्रेन्योर्स को बढ़ावा देता रहा है। कार्यक्रम में जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी इनक्यूबेशन मैनेजर कोमल जोशी और जेईसीआरसी कॉलेज इनक्यूबेशन मैनेजर तरुण सारस्वत भी मौजूद रहे।

### 100 से ज्यादा स्टार्टअप्स जुड़े

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने भव्य भारत फाउंडेशन के साथ मिलकर 'कर्तव्य पथ ब्लॉग्स' की शुरूआत की है। लॉन्चिंग सेरेमनी के दौरान भव्य भारत फाउंडेशन के फाउंडर रंगम द्विवेदी ने कहा कि 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स कर्तव्य पथ ब्लॉग्स से जुड़े हैं। ये एक फैक्ट बेस्ड ब्लॉग है जिससे यूथ को हर सेक्टर में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि कर्तव्य पथ ब्लॉग्स यूथ के लिए एक मंथली ब्लॉग सीरीज है जिसे देशभर के यूथ द्वारा लिखा और पढ़ा जाता है। ये मुख्य तौर पर गवर्नेंस और पॉलिसी की 10 थीम्स पर केंद्रित है, जिनके माध्यम से एंटरप्रेन्योरशिप ग्रोथ, स्टार्टअप्स एंपावरमेंट आदि की बात की जाती है।



### पेटीएम स्कॉलरशिप हुई अनाउंस

जेईसीआरसी के 2023-24 सत्र के 5 स्टूडेंट्स को पेटीएम स्कॉलरशिप दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान इस स्कॉलरशिप का अनाउंसमेंट किया गया। इसे देने के पीछे का मोटिव पेटीएम को सम्मान देना है, क्योंकि पेटीएम एक ऐसा स्टार्टअप है जिसने देश में आर्थिक क्रांति ला दी। कार्यक्रम के दौरान जेईसीआरसी इन्क्यूबेशन सेंटर के स्टूडेंट्स का फेलिसिटेशन भी हुआ।

### पैनल डिस्कशन में हॉट टॉपिक्स पर चर्चा

कार्यक्रम में ब्लॉगिंग जगत के 5 दिग्गज यशवी राणा, देवांश शाह, पार्थ भट्ट और नवीना सिंह मौजूद रहे। इनके बीच पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया जिसमें डिजिटल ट्रांजेक्शन की ओर तेज़ी से बढ़ते भारत, वाइब्रेंट स्टार्टअप इकोनॉमी, ओपन नेटवर्क और डिजिटल कॉमर्स जैसे टॉपिक्स पर बातचीत हुई।




## ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन-2023

# NMC ने वापस लीं जारी गाइडलाइंस

**बेधड़क** | जयपुर

नेशनल मेडिकल कमीशन (NMC) की ओर से हाल ही जारी ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन- 2023 गाइडलाइंस वापस ले ली गई हैं। एनएमसी ने इस संबंध में नोटिस जारी कर कहा है कि 12 जून 2023 को जारी ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन गाइडलाइंस वापस ली जाती है। गौरतलब है कि एनएमसी ने इन गाइडलाइंस के तहत मेडिकल एजुकेशन में कई बदलावों की सिफारिश की थी, जिन्हें इसी सेशन से लागू किया जाना था। इन गाइडलाइंस में मेडिकल करिकुलम, रिसर्च और ह्यूमन रिर्सोसेस, दिव्यांग कैटेगरी के तहत एडमिशन समेत कई चीजों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए थे। इन गाइडलाइंस को तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। जल्द ही ये गाइडलाइंस नए सिरे से जारी की जा सकती हैं।

### अब नहीं होंगे ये बदलाव

एनएमसी की मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन में मुख्य सिफारिश सेंट्रलाइज काउंसलिंग की थी जिसके तहत ऑल इंडिया कोटा और स्टेट कोटा की काउंसलिंग एक साथ कराने की बात थी। फिलहाल 15 फीसदी सीटों की काउंसलिंग मेडिकल काउंसलिंग कमेटी और राज्य की 85 फीसदी सीटों की काउंसिलिंग स्टेट्स अथॉरिटी की ओर से कराई जाती है। इसके अलावा MBBS स्टूडेंट्स के लिए गांवों के एक परिवार को गोद लेने, 30 अगस्त के बाद एडमिशन लेने पर डिग्री मान्य नहीं होने, एडमिशन डेट से 9 वर्ष के अंदर एमबीबीएस पूरा करने और पहले वर्ष की परीक्षा पास करने के लिए सिर्फ 4 अटैम्प्ट दिए जाने के प्रस्ताव इन गाइडलाइंस में किए गए थे।

# FSO परीक्षा दे रहे Bed के छात्रों को मिली राहत

**जयपुर।** महर्षि दयानन्द सरस्वती यूनिवर्सिटी (एमडीएसयू) प्रशासन ने 27 जून को आरपीएससी की फूड सिक्योरिटी ऑफिसर (FSO) भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले बीएड के विद्यार्थियों को राहत दी है।

इसमें शामिल होने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा अलग से 18 जुलाई को कराई जाएगी। दरअसल, 27 जून को आरपीएससी की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) परीक्षा-2022 परीक्षा करवाई जा रही है और एमडीएसयू की बीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के पेपर भी इसी दिन होने हैं। विद्यार्थियों की मांग के बाद अलग से परीक्षा की व्यवस्था की गई है। इसके लिए विद्यार्थियों को जरूरी दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा।

## अपॉर्च्युनिटी | GCEC ग्लोबल फाउंडेशन और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी का साझा इनीशिएटिव लॉन्च

# ग्लोबल पैरामीटर्स पर खरे कोर्सेज लाया 'FIRE'

**बेधड़क** | जयपुर

पूरी तरह पेन-पेपरलेस व प्रैक्टिकल ट्रेनिंग मोड पर चलाए जाने वाले ग्लोबल पैरामीटर्स पर आधारित बीकॉम, बीबीए और एमबीए सहित अन्य कोर्स अब शहर के स्टूडेंट्स के लिए भी उपलब्ध होंगे।

जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन एवं पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नए सत्र के लिए फैकल्टी ऑफ इनोवेशन, रिसर्च एंड एंटरप्रेन्योरशिप (FIRE) की लॉन्चिंग की गई। सीतापुरा बायोटेक पार्क स्थित जीसीईसी फाउंडेशन के कैंपस में आयोजित लॉन्चिंग कार्यक्रम में फाउंडर व चेयरपर्सन परेश गुप्ता ने बताया फायर में बीकॉम, बीबीए और एमबीए के पूरी तरह प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर आधारित पेन एंड पेपरलेस कोर्स शुरू किए गए है। ये कोर्सेज पूरी तरह ग्लोबल पैरामीटर पर आधारित होने के साथ ही इंडस्ट्री ओरिएंटेड है, जिसमे प्लेसमेंट शत प्रतिशत तय है। कोर्स लॉन्चिंग प्रोग्राम के दौरान पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के निदेशक राहुल सिंघी, प्रो प्रेसिडेंट डॉ. मनोज गुप्ता और फाउंडेशन की फाउंडर डॉ. पूजा गुप्ता ने भी इन कोर्सेज से संबंधित विभिन्न जानकारियां साझा की।




### महंगे विदेशी कोर्सेज का शानदार विकल्प

लॉन्च किए गए कोर्सेज मे कोर्स मैटेरियल यूके के एसीसीए, यूएस के सीएमए, सीएफए, एंटरप्रेन्योरशिप एवं सस्टेनेबिलिटी के समकक्ष है। इस मौके पर राहुल सिंघी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के रोजगारपरक स्किल बेस्ड कोर्सेज के लिए स्टूडेंट्स को दस गुना महंगी फीस पर विदेश के लिए रुख करना पड़ता था लेकिन अब ये राजधानी में उपलब्ध हैं। सिंघी ने बताया कि इन कोर्सेज मे पहले ही दिन से स्टूडेंट की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग शुरू हो जाती है, जिससे उन्हें कुछ फंड भी मिलता है और कोर्स की समाप्ति से पूर्व ही उनका प्लेसमेंट सुनिश्चित हो जाता है। पूजा गुप्ता ने बताया कि इन कोर्सेज के एग्जाम भी तकनीक पर आधारित होते है। इनमें प्रेजेंटेशन, एक्सेल शीट, वर्कशॉप समेत बिजनेस पर आधारित एग्जाम होते हैं।

### ओवरऑल ग्रूमिंग का स्कोप

इन कोर्सेज के जरिए सस्टेनेबिलिटी, मैनेजमेंट, फैमिली बिजनेस, स्टार्टअप, कॉमर्स, ट्रेडिंग और फाइनेंशियल मार्केट के आधुनिक आयाम स्टूडेंट्स को सीखने को मिलेंगे। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रो प्रेसीडेंट डॉ. मनोज गुप्ता ने बताया कि फायर की ओर से नवीन शिक्षा नीति-2020 के अनुसार ग्लोबल प्रोफेशनल क्वालिफिकेशन वाले कोर्स कराए जाएंगे। अत्याधुनिक तकनीकों, स्मार्ट टीवी, मॉर्डर्न हॉस्टल फैसिलिटी व हॉस्टल सुविधाओं के साथ संचालित किए जाने वाले ये कोर्स थ्योरी सिलेबस वाली शिक्षा से काफी अलग होंगे। गुप्ता ने बताया कि इंटरनेशनल स्टडी स्टाइल पैटर्न वाले इस कोर्सेज में इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मार्गदर्शन में फील्ड इंटर्नशिप तथा पर्सनलिटी ग्रूमिंग, बिजनेस व कॉरपोरेट स्किल्स पर आधारित वर्कशॉप्स पर विशेष फोकस किया जाएगा, जिससे स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री की जरूरतों को समझने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही स्टूडेंट्स ग्रेजुएशन के साथ-साथ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सर्टिफिकेट कोर्स भी कर सकेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिस्र का सर्वोच्च राजकीय सम्मान

# मुस्लिम देश सम्मान में अग्रणी



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार



> कोरोना से जब दुनिया भर में हाहाकार मचा हुआ था, तब नरेंद्र मोदी एकाग्रचित होकर भारत ही नहीं दुनिया को कोरोना से मुक्ति के लिए संघर्षरत थे। कोविड-19 की पहली लहर में जब दुनिया उपचार के लिए दवा तय नहीं कर पा रही थी, तब भारत ने हाइड्रोक्सी-क्लोरोक्वीन गोलियां अमेरिका समेत पूरी दुनिया को उपलब्ध कराई। नतीजतन दुनिया में मोदी की लोकप्रियता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। इस कालखंड में अमेरिका की एजेंसी मॉर्निंग कंसल्ट ने एक सर्वे किया। इस सर्वे में साफ हुआ कि मोदी की लोकप्रियता निरंतर न केवल बनी हुई है, बल्कि बढ़ी भी है। सर्वे में मोदी की प्रसिद्धि दर 55 प्रतिशत रही।

दो दिनी दौरे पर मिस्र पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वहां के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ऑर्डर ऑफ नाइल' से सम्मानित किया है। मोदी इस समय दुनिया के एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्हें न केवल मुस्मिल देश, बल्कि एशियाई व पश्चिमी देशों से भी निरंतर सम्मान मिल रहे हैं। इसीलिए उनकी वैश्विक नेता के रूप में प्रतिष्ठा बढ़ी है। इस परिप्रेक्ष्य में ज्यादातर अप्रूवल रेटिंग एजेंसी के सर्वे में मोदी की हैसियत बढ़ा रहे हैं। कोरोना महामारी के कारण कई देशों और उनके नागरिकों की बिगड़ी आर्थिक स्थिति को संभालने का काम भी मोदी ने किया था। उनकी इस उदारता के चलते भी उनका सम्मान दुनिया में बढ़ा है।

मिस्र से पहले मोदी को पापुआ न्यू गिनी द्वारा कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू सम्मान मिला। इससे पहले भी प्रधानमंत्री मोदी को फिजी ने द कंपोनियन ऑफ द ऑर्डर, अमेरिका ने लीजन ऑफ मेरिट, बहरीन ने किंग हम्माद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां, मालदीव ने द आर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशा इज्जुद्दीन, रूस ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू अवॉर्ड, संयुक्त अरब अमीरात ऑर्डर ऑफ जायद अवॉर्ड, फलस्तीन द ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फलस्तीन अवॉर्ड, अफगानिस्तान ने द स्टेट आर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान और सऊदी अरब द्वारा आर्डर ऑफ अब्दुल अजीज अल सऊद सम्मानों से सम्मानित किया गया है। कोरोना से जब दुनिया भर में हाहाकार मचा हुआ था, तब नरेंद्र मोदी एकाग्रचित्त होकर भारत ही नहीं दुनिया को कोरोना से मुक्ति के लिए संघर्षरत थे। कोविड-19 की पहली लहर में जब दुनिया उपचार के लिए दवा तय नहीं कर पा रही थी, तब भारत ने हाइड्रोक्सी-क्लोरोक्वीन गोलियां अमेरिका समेत पूरी दुनिया को उपलब्ध कराईं। नतीजतन दुनिया में मोदी की लोकप्रियता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। इस कालखंड में अमेरिका की एजेंसी मॉर्निंग कंसल्ट ने एक सर्वे किया।

इस सर्वे में साफ हुआ कि मोदी की लोकप्रियता निरंतर न केवल बनी हुई है, बल्कि बढ़ी भी है। सर्वे में मोदी की प्रसिद्धि की दर 55 प्रतिशत रही। इसे सभी प्रमुख वैश्विक नेताओं में सबसे अधिक अंक मिले। रेटिंग एजेंसी फिच व एसबीआई ने कोरोना काल में आर्थिक गतिविधियां लंबे समय तक बंद रहने के बावजूद माना की देश के आर्थिक हालात बेहतर हो रहे हैं। बिगड़ी आर्थिक व्यवस्था की चाल को सुधारने के लिए सरकार के स्तर पर अनेक प्रयास हो रहे हैं। नतीजतन आर्थिक समृद्धि भविष्य में बनी रहना तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलना और देश को रेटिंग एजेंसियों द्वारा सम्मानजनक स्थान देना, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों के बिना संभव नहीं है। इसके लिए नरेंद्र मोदी ने एक के बाद एक बिना रुके, बिना थके एशियाई व पश्चिमी देशों की बड़ी संख्या में यात्राएं कीं।

> *मोदी की चतुरता प्रवासी भारतीयों को लुभाने में भी पेश आती रही है। इससे पहले देश का कोई प्रधानमंत्री अपने ही रक्त संबंधियों की भावनाओं को इस तरह सम्मोहित नहीं कर पाया। ऑस्ट्रेलिया में 28 साल बाद तो फिजी में 33 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री अपने रक्त-संबंधियों से दुख-दर्द बांटने पहुंचा था। मोदी से पहले राजीव गांधी और उनसे पहले इंदिरा गांधी फिजी गईं थी। फिजी में 40 प्रतिशत भारतीय मूल के लोगों की आबादी है। इनमें से ज्यादातर ब्रिटिश शासनकाल 1879 से 1916 के बीच गिरमिटिया मजदूरों के रूप में ले जाए गए थे।*

इन यात्राओं में मिली अप्रत्याशित सफलताओं ने प्रधानमंत्री को वैश्विक नेता के रूप में उभार दिया है। द्विपक्षीय रिश्तों में उन्होंने नए प्राण डाले। इन सभी यात्राओं की खास बात यह रही कि हिंदी में भाषण देने के बावजूद राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी मोदी का जादू सिर चढ़कर बोलता रहा है। पिछले कुछ दशकों में ऐसा माहौल भारतीय प्रधानमंत्री तो क्या अन्य किसी देश के मुखिया के विदेशी दौरों में दिखाई नहीं दिया। उनके इस जादू के असर का प्रमुख कारण स्पष्टवादिता, दृढ़ता और वैश्विक आतंकवाद को खत्म करने का कठोर संदेश रहा। मोदी के इसी आचरण के कारण ब्रिट्रेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरेन उनके प्रशंसकों की सूची में शामिल हो गए हैं। अपने पक्ष में मिले इस विश्वव्यापी समर्थन को देखते हुए ही मोदी ने फिजी में कहा भी था कि 'भारत विश्व गुरु की भूमिका निभाएगा और अपनी ज्ञानशक्ति से विश्व का नेतृत्व करेगा।' दरअसल भविष्य का राजनीतिक नेतृत्व ज्ञान आधारित नेतृत्व पर ही टिका होगा, यह संभावना अमेरिका और ब्रिटेन भी जता चुके हैं। राष्ट्राध्यक्षों की विदेश यात्राओं के दौरान यह घटना विलक्षण ही होती है कि कोई मेजबान देश अतिथि प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति को अपने देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था संसद में बोलने का अवसर दे, लेकिन मोदी ने नेपाल, भूटान और फिजी की संसदों को तो संबोधित किया ही, हाल ही में महाशक्ति अमेरिका और विकसित देश ऑस्ट्रेलिया की संसद को भी संबोधित किया।

इस तरह किसी पश्चिमी देशों की संसद को संबोधित करने वाले मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी की चतुरता प्रवासी भारतीयों को लुभाने में भी पेश आती रही है। इससे पहले देश का कोई प्रधानमंत्री अपने ही रक्त संबंधियों की भावनाओं को इस तरह सम्मोहित नहीं कर पाया। ऑस्ट्रेलिया में 28 साल बाद तो फिजी में 33 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री अपने रक्त-संबंधियों से दुख-दर्द बांटने पहुंचा था। मोदी से पहले राजीव गांधी और उनसे पहले इंदिरा गांधी फिजी गईं थी। फिजी में 40 प्रतिशत भारतीय मूल के लोगों की आबादी है। इनमें से ज्यादातर ब्रिटिश शासनकाल 1879 से 1916 के बीच गिरमिटिया मजदूरों के रूप में ले जाए गए थे। फिजी की 83 फीसदी अर्थव्यवस्था वन संपदा, मछली और पर्यटन उद्योग पर टिकी है। विडंबना ही है कि इस उद्योग के बड़े भाग पर वर्चस्व महज दो फीसदी गोरी आबादी का है। बावजूद फिजी की राजनीति में भारतवंशियों का दबदबा कायम है। 1997 में फिजी में जब लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ तो उसके प्रधानमंत्री भारतवंशी महेंन्द्र सिंह चौधरी बने। फिजी में भारतीयों की अब राजनीति के साथ-साथ आर्थिक हैसियत भी बढ़ रही है। इसीलिए मोदी को फिजी की संसद को संबोधित करने का अवसर मिला था। फिजी का भारत से निकटता अपनी ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत और हिंदी के कारण है। वहां हिंदी खूब पढ़ी व बोली जाती है। फिजी विश्व हिंदी सम्मेलन भी आयोजित कर चुका है। इंदिरा गांधी ने भी फिजीवासियों के इस मर्म को समझा था।

इस कारण वे भी फिजी गई थीं और उन्होंने द्विपक्षीय वार्ता में फिजी को महत्व दिया था। मोदी ने फिजी सरकार से कृषि व दुग्ध उद्योग के क्षेत्र में बढ़ावे का करार किया था। फिजी को डिजीटल क्षेत्र में भारत मदद कर रहा है। प्रवासी भारतीय हर साल अपने नाते-रिश्तेदारों को 70 अरब डॉलर भारत भेजते हैं। मोदी की निगाहें प्रवासी भारतीयों के इस निवेश को और बढ़ाने पर भी टिकी रही हैं। इसलिए प्रवासी भारतीय निरंतर भारत में निवेश कर रहे हैं। चूंकि ज्यादातर प्रवासी भारतीय गरीबी की हालत में अपने साथ धरोहर के रूप में गीता और रामायण ले गए थे। मोदी ने इसी सांस्कृतिक विरासत को लेकर दुनिया के देशों की अनेक यात्राएं कीं, इसलिए दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीयों के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। दूसरी तरफ वैश्विक आतंकवाद की खिलाफत और मोदी द्वारा सभी प्रमुख देशों से नए धरातल पर बनाए द्विपक्षीय संबंधों ने मोदी की लोकप्रियता तो बढ़ाई ही, उन्हें वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने का काम भी किया है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

## नॉलेज कॉर्नर: ईसा से चार सौ वर्ष पुराने तहखानों में जमाई जाती थी बर्फ

# ईरान है 'आइसक्रीम' का जन्म स्थान

हम आमतौर पर भोजन के बाद कुछ ठंडा और मीठा खाना पसंद करते हैं। जिनमें मिठाइयां व आइसक्रीम हमारे लिए बेहतर विकल्प के रूप में मौजूद होती हैं। आइसक्रीम का नाम लेते ही हमारे मन को ठंडक सी मिल जाती है। यह वह चीज है जो शरीर के साथ-साथ रिश्तों में भी मिठास घोलती है। अगर गर्मी का मौसम हो तो इसे खाने का मजा दोगुना हो जाता है। इसमें मौजूद सूखे मेवे और गुलकंद इसके स्वाद को और बढ़ा देते हैं। वर्तमान में दुनियाभर के बाजारों में कई प्रकार की आइस्क्रीम मिलती है, लेकिन शायद ही किसी ने सोचा होगा कि, आखिर इसका इतिहास कितना पुराना है या इसे सबसे पहले किसने बनाया था। इन्हीं तथ्यों को लेकर विस्तार से जानेंगे आज के कॉर्नर में...

### दो हजार वर्ष पूर्व का ईरानी दावा

विश्व की पहली आइसक्रीम का निर्माण ईरान में किया गया था। दरअसल कुछ ईरानियों का दावा है कि इसे दो हजार वर्ष पहले ईरान में ही बनाया गया था। अब गौर करने वाली बात यह है कि उस समय न तो फ्रीज था न बर्फ जमाने वाली अन्य मशीनें, तो फिर इसे कैसे बनाया गया होगा। इसी दिलचस्प सवाल का जवाब है- ईरान की नुकीली छत वाली इमारतें। इन्हें यख़चल कहा जाता था। इन्हीं इमारतों के तहखानों में उस समय बर्फ जमाई जाती थी।




ये तहखाने ईसा से 400 वर्ष पहले के थे। इनकी खास बात यह थी कि यह तहखाने तपते रेगिस्तान में भी गर्म नहीं होते थे। दरअसल इन्हें कुछ विशेष चीजों से बनाया गया था। जिसकी विशेषता यह थी कि ये बर्फ को पूरे एक साल के लिए भी जमाकर रखते थे।

### बनाने का तरीका

बात करें इसे बनाने के तरीके की, तो इसे बनाने के लिए ईरानी लोग बहुत बड़े बर्तन का प्रयोग करते थे। इस बड़े बर्तन में बर्फ रखी जाती थी। एक अलग से छोटा बर्तन लेकर इसके दूध को फेंटा जाता था। इसमें बर्फ डालकर जमा दिया जाता था। इस तरह पूरा दूध जमने के बाद आइसक्रीम तैयार होती थी। इस बारे में आधुनिक आइसक्रीम मेकर कहते हैं कि यह प्रक्रिया बहुत लंबी और थकाने वाली थी। इसलिए आइसक्रीम बनाने का यह तरीका पुराना हो गया और लोगों ने नए तरीके ईजाद कर लिए। हालांकि कई देशों में अभी भी इसी प्रक्रिया के माध्यम से आइसस्क्रीम बनाई जाती है।

**दिलचस्प किस्से**

*इटली में ईरानी तरीके से आइसक्रीम बनाने के कारण यहां इसका कारोबार शुरू हुआ। कई लोग इटली को आइसक्रीम का जन्मस्थान बताते हैं। वर्तमान में ईरान में मशीनों से आइसक्रीम बनाई जाती है। ईरान-अमेरिका के लोग मोटापा बढ़ाने वाली मीठी आइसक्रीम खाना पसंद करते हैं। जबकि यूरोप के लोग मोटापा कम करने वाली आइसक्रीम अधिक खाते हैं।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार

---

**व्यंग्य**

# रंग बदलती नेता की टोपी



**मनीष कुमार चौधरी**
व्यंग्यकार

यह टोपी कोई आम टोपी नहीं है। यह देश के नेता की टोपी है। जिस नेता के सिर चढ़ी, वैसा ही रंग इस पर चढ़ गया। मूल रूप से इस टोपी का जन्म आजादी के बाद माना जाना चाहिए। इधर देश आजाद हुआ, उधर इस टोपी का जन्म हुआ। तब से लेकर आज तक नेता की इस टोपी ने कई रंग देखे और बदले।

अंग्रेजों के जमाने में भी नेता टोपी पहनता था, पर फिरंगियों की कैप और हैट के आगे इसकी कोई औकात नहीं थी। वह लाख चाहकर भी रंग नहीं बदल पाती थी। पहले नेता जी ने इसे गोद लिया हुआ था, असल तो वह कभी थी ही नहीं। बचपन इसका कांग्रेस में बीता, जनसंघ की पाठशाला में पढ़ी, जवान होते-होते यह सोशलिस्ट हो गई। नेता ज्यों-ज्यों पार्टियां बदलता रहा, टोपी भी बदलती रही। कम्युनिस्टों की गलियों और मार्क्सवादियों के मुहल्लों से भी यह गुजरी। बाद में निर्दलीयों ने इसे लपक लिया।

जब नेता ने वाद सिर पर ढोने शुरू किए तो टोपी इन वादों की भूलभुलैया में हिचकोले खाने लगी। पहले इस पर समाजवाद का भूत चढ़ा, फिर संप्रदायवाद से होते हुए राष्ट्रवाद के रंग में रंग गई। जब राजनीति का आर्थिक उदारीकरण हुआ तो यह पूंजीवाद की चपेट में आ गई। नेता अपने चरित्र बदलता रहा, टोपी भी उसी रंग में रंगती गई। बाद में नेता धर्म और जाति के अनुसार टोपी बदलने और पहनने लगा तो टोपी भी धर्मप्रधान और जातिवादी हो गई। रंग बदलने का क्रम ऐसा चला कि धीरे-धीरे टोपी गिरगिट हो गई। जब जैसा वक्त आया, वैसा रंग धारण कर लिया। स्थिति कुछ यूं हो गई कि नेता कमजोर हो गया, टोपी शक्तिशाली हो गई। बेशर्म राजनीति के बेशर्म रंग चढ़ा कर यह थोड़ी उद्दंड भी हो चली थी। अब यह देश की एकता और अखंडता को भी चुनौती देने लगी। इसने राजनीति में खुद को इतनी मजबूती से स्थापित कर लिया कि कोई नेता अब अपने पसंद के रंग की टोपी नहीं पहन सकता। टोपी में वाद, पार्टी, जाति, धर्म... इस तरह घुस कर एकमेक हो गये हैं कि वह राजनीति का चरित्र बन गई है। अब ऐसा कतई नहीं हो सकता कि नेता किसी भी रंग की टोपी पहनकर राजनीति का स्वांग रच ले। उसे रंग देखकर टोपी पहनने की जरूरत महसूस होने लगी। पहले नेता की फितरत के अनुसार टोपी रंग बदलती थी, अब टोपी अपनेआप में इतनी समर्थ हो गई कि अलग-अलग रंगों को मिलाकर नया रंग देने लगी। कभी वह लाल रंग में नजर आती तो कभी सफेद रंग में...।

कभी हरे में दिखती... तो कभी हरा और पीला मिक्स कर केसरिया बन जाती। नेता की सफेद टोपी से शुरू हुआ यह सफर इतना रंगबिरंगा हो गया कि राजनीति की कालिख उसमें छुप गई। नेता की अलमारी में सभी रंगों की टोपियां रखी जाने लगीं। जब जैसा अवसर आया, उस रंग की टोपी निकाली और पहन ली। टोपी का रंग इतना भारी पड़ने लगा है कि नेता भले ही खादी का झक सफेद कुर्ता पहन ले, उसे कुर्ते की जेबों में विभिन्न रंगों की टोपियां समेटकर रखनी पड़ती हैं। कौन जाने कब किस रंग की टोपी की आवश्यकता पड़ जाए। नेता की जिस राजनीति से टोपी की रंगत बदली, अब उसी टोपी के रंग पर नेता की राजनीति टिक गई है।

---



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
'राष्ट्रपति जो बाइडेन, मैं आपकी बात से पूरी तरह से सहमत हूं। हमारे देशों की दोस्ती वैश्विक हित में है। इससे हमारी धरती और बेहतर तथा अधिक टिकाऊ बनेगी। मेरी हाल की यात्रा में जिन मुद्दों पर चर्चा की गई है, उससे हमारे संबंध और मजबूत होंगे।'



**अमित शाह,** गृह मंत्री
@AmitShah
पिछले कुछ वर्षों में, गृह मंत्रालय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'नशा-मुक्त भारत' के सपने को साकार करने के लिए पूरी रणनीति को नया रूप दिया है। संपूर्ण-सरकारी दृष्टिकोण की शक्ति से लैस, भारत ने नशीले पदार्थों के व्यापार पर सबसे बड़ा झटका लगाया है। मैं नारकोटिक्स ब्यूरो और अन्य संगठनों को उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूं।



**स्वाति मालीवाल,** अध्यक्ष, दिल्ली महिला आयोग
@SwatiJaiHind
दिल्ली की कानून व्यवस्था चरमराती जा रही है। यह एक चिंताजनक स्थिति है, एक सार्वजनिक सुरक्षा आपातकाल! अभी कार्रवाई करें या अपनी बारी की प्रतीक्षा करें।



**सचिन तेंदुलकर,** पूर्व क्रिकेटर
@sachin_rt
भारत को पहली बार विश्व कप जीतने के 40 साल पूरे! 25 जून, 1983 उन निर्णायक क्षणों में से एक था जिसने भारतीय क्रिकेट के साथ-साथ मेरे जीवन को भी हमेशा के लिए बदल दिया। उस चैंपियन टीम के सभी सदस्यों को बधाई...धन्यवाद।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
यदि आप मजबूरी के किसी भी चक्र को तोड़ना चाहते हैं, तो आपको गहन ध्यान की आवश्यकता है।

### वित्त मंत्री सीतारमण के लेख पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चिदंबरम ने साधा निशाना, कहा...

# मोदी सरकार की कई उपलब्धि संप्रग सरकार के कार्यों की बदौलत


एजेंसी | नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के एक लेख को लेकर उन पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि अगर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार कुछ क्षेत्रों में मजबूती से खड़ी दिखाई देती है तो उसकी वजह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्य हैं।

उन्होंने एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित वित्त मंत्री के उस लेख का हवाला दिया जिसमें सीतारमण ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह संसद में चर्चा न्यायालयों में याचिका दायर करने में ज्यादा सक्रिय रहा और वहां भी उसे हार का सामना करना पड़ा। वित्त मंत्री ने अनुच्छेद 370, सेंट्रल विस्टा और कुछ अन्य मामलों का उल्लेख किया है।

पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने ट्वीट किया, वित्त मंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियों पर एक लेख लिखा है। उनके द्वारा दिए गए कई उदाहरण सत्य हैं, जैसा कि 5 या 10 वर्षों तक शासन करने वाली प्रत्येक सरकार के लिए सत्य होगा ही। वित्त मंत्री ने विपक्ष द्वारा सरकार के खिलाफ अदालत जाने और फिर हारने के 5 उदाहरण दिए हैं। वह कम से कम तीन मामलों में गलत हैं। संसद द्वारा कानून पारित करने से पहले ही उच्चतम न्यायालय ने तीन तलाक को अवैध घोषित कर दिया था। अनुच्छेद 370 मामले पर अभी तक न्यायालय में सुनवाई नहीं हुई है, जीएसटी कानूनों के तहत कई मामले लंबित हैं।



#### आधार पर संप्रग सरकार में हुआ काम

चिदंबरम ने कहा, वित्त मंत्री प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का श्रेय लेती हैं। वह भूल गईं कि 'आधार' की परिकल्पना, इसे बनाने का काम और कार्यान्वयन संप्रग सरकार द्वारा किया गया था और डीबीटी के तहत पहला हस्तांतरण यूपीए सरकार द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा वित्त मंत्री 11.72 करोड़ शौचालयों के निर्माण का दावा करती हैं। उन्हें अपनी ही सरकार की रिपोर्ट पढ़नी चाहिए कि उनमें से कितने शौचालय पानी की कमी के कारण अनुपयोगी हैं। उन्होंने दावा किया, हर सरकार के खाते में उपलब्धियां होती हैं, मोदी सरकार के खाते में भी हैं। अगर मोदी सरकार कुछ क्षेत्रों में मजबूती से खड़ी है तो संप्रग सरकार के कारण खड़ी है।

#### यह काम तो वर्षों पहले हो चुके

चिदंबरम के मुताबिक, वित्त मंत्री ने भारत को दूध, शहद, फल और सब्जियों के उत्पादन में शीर्ष स्थान हासिल करने का श्रेय दिया है जबकि ये रैंक वर्षों पहले हासिल किए जा चुके थे और हम उन रैंक को बरकरार रखे हुए हैं।

---

### पीएम मोदी आज 5 वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मध्यप्रदेश का दौरा करेंगे और इस दौरान राजधानी भोपाल स्थित रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री जिन पांच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे, उनमें रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, खजुराहो-भोपाल-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस, मडगांव (गोवा)-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस, धारवाड़-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस और हटिया-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। प्रधानमंत्री शहडोल में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और वहां वे राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरुआत करेंगे। वह लाभार्थियों को सिकल सेल जेनेटिक स्टेटस कार्ड भी वितरित करेंगे।

### अनुराग वर्मा होंगे पंजाब के नए मुख्य सचिव



**चंडीगढ़।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग वर्मा पंजाब के नए मुख्य सचिव होंगे। वर्मा 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे वी. के. जंजुआ का स्थान लेंगे। वर्मा आईएएस 1993 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में गृह मामलों और न्याय विभाग के अपर प्रमुख सचिव पद पर आसीन हैं। उनके पास कानूनी एवं विधायी मामले, उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी और निवेश प्रोत्साहन का भी अतिरिक्त कार्यभार है। वर्मा एक जुलाई को पंजाब के मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करेंगे।

---

### तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव को करारा झटका

# पूर्व मंत्री समेत 35 नेता कांग्रेस में होंगे शामिल, खरगे-राहुल से भेंट

■ भारत राष्ट्र समिति को हराने के लिए हम मिलकर करेंगे काम: रेवंत रेड्डी

एजेंसी | नई दिल्ली

पूर्व सांसद पी श्रीनिवास रेड्डी और तेलंगाना सरकार के पूर्व मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव समेत प्रदेश के 35 नेताओं ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इन नेताओं ने सोमवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी के तेलंगाना प्रभारी माणिकराव ठाकरे और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी मौजूद थे। ये नेता अगले महीने तेलंगाना में औपचारिक रूप से शामिल होंगे।



कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इन नेताओं की मौजूदगी में संवाददाताओं से कहा, पूरे देश में बदलाव की हवा महसूस हो रही है। यह बदलाव की हवा भारत जोड़ो यात्रा से शुरू हुई, जिसका असर आपने कर्नाटक में देखा। तेलंगाना के कई महत्वपूर्ण नेता कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं और इन सभी ने पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर लंबी वार्ता की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा, ये सभी नेता यहां पार्टी अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी से मिले हैं। हम लोग बीआरएस को हराने के लिए मिलकर काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि इन नेताओं में श्रीनिवास रेड्डी और कृष्ण राव प्रमुख हैं। रेड्डी खम्मम से लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। कृष्ण राव के. चंद्रशेखर राव सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री रह चुके हैं।

इन दोनों नेताओं को कुछ महीने पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में भारत राष्ट्र समिति से निलंबित कर दिया गया था।

#### भाजपा व बीआरएस में गठजोड़ का आरोप

रेड्डी ने आरोप लगाया, तेलंगाना में भाजपा और बीआरएस के बीच गठबंधन है, जो फेविकोल के जोड़ की तरह है। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं और वहां पर सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समित के सामने कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी की अहम चुनौती है। भाजपा ने अपने चुनाव अभियान में अभी से जुट गई है। पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गत दिनों तेलंगाना का दौरा किया था। दूसरी ओर कांग्रेस कर्नाटक मे मिली जीत से उत्साहित है और वह तेलंगाना मे सत्ता में वापसी करना चाहती है ताकि अगामी लोकसभा चुनाव में बेहतर स्थिति में होकर मुकाबला कर सके।

---

### SGPC की पंजाब सरकार को चेतावनी

# संशोधन विधेयक वापस नहीं लिया तो होगा आंदोलन



एजेंसी | अमृतसर

शिरोमणि गुरद्वारा प्रबंधक समिति के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर पंजाब में सिख गुरुद्वारा (संशोधन) विधेयक, 2023 को वापस नहीं लिया जाता है तो राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा।

धामी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की आलोचना करते हुए उन पर एसजीपीसी के मामलों में हस्तक्षेप करने तथा इस पर कब्जा करने के मकसद से आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की सिख विरोधी सोच को लागू करने की कोशिश का आरोप लगाया।

धामी विधेयक लाने के राज्य सरकार के कदम के खिलाफ यहां एसजीपीसी के एक विशेष सत्र को संबोधित कर रहे थे।धामी ने विधेयक की निंदा की और पंजाब सरकार से इसे तत्काल वापस लेने को कहा।

#### दखल बंद नहीं हुआ तो मोर्चा शुरू

धामी ने कहा कि अगर राज्य सरकार सिख मामलों में हस्तक्षेप बंद नहीं करती तो अकाल तख्त में अरदास करने के बाद सरकार के खिलाफ एक मोर्चा शुरू किया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। सिख गुरुद्वारा अधिनियम, 1925 में कोई भी संशोधन एसजीपीसी के सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत की मंजूरी से ही किया जा सकता है। केंद्र और पंजाब सरकार, किसी को भी कानून में संशोधन का अधिकार नहीं है।

---

### राकांपा संगठन में काम करने का मामला

# अजित की इच्छा पर पार्टी के प्रमुख नेता फैसला करेंगे: पवार

एजेंसी | पुणे

राकांपा के संगठन में कोई भूमिका दिए जाने की अजित पवार की अपील के कुछ दिन बाद पार्टी अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि कोई एक व्यक्ति इस बारे में फैसला नहीं ले सकता और पार्टी के प्रमुख नेता इस संबंध में कोई निर्णय लेंगे। शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने हाल में पार्टी नेतृत्व से अपील की थी कि उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से मुक्त करके पार्टी संगठन में कोई भूमिका दी जाए। गौरतलब है कि शरद पवार ने हाल में अपनी बेटी व लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले को पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करके उन्हें महाराष्ट्र की जिम्मेदारी सौंपी थी। दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष प्रफ्फुल पटेल को अन्य राज्यों की जिम्मेदारी दी गई थी।

शरद पवार ने कहा, अजित सहित पार्टी के प्रमुख नेता एक साथ बैठेंगे और इस बारे में कोई फैसला करेंगे। आज पार्टी में हर किसी की भावना संगठन में काम करने की है और अजित उसी भावना को प्रदर्शित किया है।

#### प्रधानमंत्री पद पर नहीं हुई चर्चा

शरद पवार ने कहा कि पटना में पिछले सप्ताह हुई विपक्षी दलों की बैठक में प्रधानमंत्री पद को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। पवार ने बारामती में संवाददाताओं से कहा कि बैठक में महंगाई, बेरोजगारी और कुछ स्थानों पर जानबूझकर सांप्रदायिक तत्वों को उकसाने की कोशिशों जैसे मुद्दों पर बात हुई।

---

### महापौर सम्मेलन अहमदाबाद में 7 जुलाई से

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद सात जुलाई को दो दिवसीय शहरी-20 (यू-20) महापौर सम्मेलन की मेजबानी करेगा जिसमें जी-20 देशों के कई शहरों के नेताओं और महापौरों के शामिल होने की संभावना है। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को दुनियाभर के 20 से अधिक महापौर और भारतीय शहरों के करीब 25 महापौर अपने शहर आधारित कार्यों व पहलों को लेकर अपने-अपने अनुभव साझा करेंगे।

महापौर के बीच विचार-विमर्श के अलावा, सम्मेलन का एक मुख्य आकर्षण यू20 प्राथमिकताओं पर केंद्रित चार विषयगत सत्र होंगे।

---

### केरल: नड्डा ने राज्य सरकार व विपक्ष पर साधा निशाना

# LDF-UDF की ओछी राजनीति से अच्छे काम भी हो रहे व्यर्थ

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि केरल देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, लेकिन दक्षिणी राज्य के लोगों द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्य सत्तारूढ़ एलडीएफ और विपक्षी मोर्चा यूडीएफ की क्षुद्र राजनीति के कारण व्यर्थ जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर पार्टी की ओर से आयोजित जनसंपर्क अभियान के तहत नड्डा ने केरल में एक जनसभा को संबोधित किया और कहा कि राज्य देश के



विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, लेकिन इसे सही तरीके से पेश नहीं किया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया, शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों को अस्थिर किया जा रहा है और सत्तारूढ़ दल के सदस्य नियुक्तियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद में लिप्त हैं। उन्होंने दावा किया कि किसी समय आर्थिक रूप से बहुत मजबूत रहा केरल, अब तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज के जाल में फंस गया है। नड्डा ने यह भी दावा किया कि हाल ही में आतंकवादी प्रशिक्षण के लिए विदेश गए 35 लोगों में से 21 केरल से थे।

---

### प. बंगाल पंचायत चुनाव: सियासी हमले हुए तेज, पार्टियां एक दूसरे पर साध रहीं निशाना

# सीमावर्ती इलाकों में मतदाताओं को डरा रहा है बीएसएफ: ममता बनर्जी

एजेंसी | कूचबिहार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षा बल पर 'भगवा खेमे के इशारे पर' राज्य के सीमावर्ती इलाकों में मतदाताओं को डराने का सोमवार को आरोप लगाया और पुलिस से उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने को कहा।



सीमावर्ती जिले में पंचायत चुनाव के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा, मुझे जानकारी मिली है कि बीएसएफ के कुछ अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं, मतदाताओं को धमका रहे हैं और उन्हें वोट न देने के लिए कह रहे हैं। मैं लोगों से कहूंगी कि वे डरें नहीं और निडर होकर चुनाव में हिस्सा लें। बीएसएफ द्वारा पिछले साल ग्रामीणों पर कथित गोलीबारी का जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा, पुलिस ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज करेगी और कानून अपना काम करेगा। उन्हें किसी को गोली मारने का अधिकार नहीं है। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है और इसमें केंद्र की कोई भूमिका नहीं है। तृणमूल कांग्रेस चुनाव में भाजपाको मात देगी।

#### भाजपा ने आरोप नकारे

भाजपा ने अपने राजनीतिक मकसद के लिए बीएसएफ का इस्तेमाल करने के आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, ऐसी टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं और हमारे सुरक्षा बलों का अपमान हैं। ये टिप्पणियां टीएमसी की मानसिकता को दर्शाती हैं क्योंकि वह बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाए जाने के बाद से उसके खिलाफ है।

#### भाजपा के साथ मिलीभगत

बनर्जी ने कहा, हम केंद्र में भाजपा के खिलाफ एक महागठबंधन (महाजोट) बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन माकपा और कांग्रेस बंगाल में भाजपा के साथ मिलकर काम करने की कोशिश कर रही हैं। मैं बंगाल में इस नापाक गठजोड़ को तोड़ दूंगी। ज्ञात हो कि पिछले दस दिनों में यह दूसरी बार है, जब बनर्जी ने भाजपा के साथ मौन समझौता करने के लिए कांग्रेस और माकपा की आलोचना की है। हम केंद्र में भाजपा को हराएंगे और देश में विकासोन्मुख सरकार लाएंगे।

#### भाजपा ने आरोपों को किया खारिज

इस बीच, भाजपा ने राज्य में माकपा और कांग्रेस के साथ किसी भी तरह का समझौता होने के आरोपों को खारिज कर दिया। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा, माकपा, कांग्रेस और टीएमसी एक ही नाव पर सवार हैं। यह भाजपा है, जो राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ रही है।

#### टीएमसी की विश्वसनीयता पर उठाया सवाल

बनर्जी के दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा, भाजपा के खिलाफ लड़ाई में टीएमसी की विश्वसनीयता हमेशा सवालों के घेरे में रही है। हम सभी जानते हैं कि भाजपा के खिलाफ लड़ाई में टीएमसी ने पिछले कुछ वर्षों में क्या भूमिका निभाई है। चौधरी के सुर में सुर मिलाते हुए माकपा ने कहा कि बनर्जी को भाजपा के खिलाफ लड़ने के तरीकों पर वाम दलों और कांग्रेस को उपदेश देने की जरूरत नहीं है।

#### केंद्रीय बलों की अतिरिक्त कंपनी मांगने का कारण पूछा

**कोलकाता।** गृह मंत्रालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल राज्य निर्वाचन आयोग से सवाल किया कि उसे केंद्रीय बलों की अतिरिक्त 485 कंपनियों की किसलिए जरूरत है। एसईसी ने इसके लिए अनुरोध भेजा था। गृह मंत्रालय ने अपने पत्र में राज्य में आगामी पंचायत चुनाव के लिए अब तक भेजी गई केंद्रीय बलों की 337 कंपनियों की तैनाती का विवरण भी मांगा है। राज्य के निर्वाचन आयुक्त राजीव सिन्हा ने चुनाव के लिए गृह मंत्रालय से केंद्रीय बलों की कुल 822 कंपनियां मांगी हैं।

## जरूरी खबर

### धनशोधन मामले की सुनवाई से हटे जस्टिस विश्वनाथन

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के.वी. विश्वनाथन ने सोमवार को रियल एस्टेट कंपनी आईआरईओ से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय एवं अन्य की याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। ईडी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के नौ जून के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसमें एम3एम समूह के मालिकों- बसंत बंसल और पंकज बंसल, को इस मामले में पांच जुलाई तक गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी गई है। याचिकाएं न्यायाधीश ए. एस. ओका और न्यायाधीश के. वी. विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थीं। न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान कहा कि वह एक वकील के तौर पर पहले एक संबंधित मामले में पेश हुए थे, इसलिए वह मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर रहे हैं।

### ओमान के सुल्तान को सौंपा पीएम मोदी का संदेश



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने मस्कट में ओमान के शीर्ष नेता सुल्तान हैसम बिन तारिक से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक लिखित संदेश सौंपा, जिसमें दोनों देशों के बीच संबंधों के विभिन्न पहलुओं का उल्लेख किया गया है। डोभाल ने प्रौद्योगिकी, सैन्य मामलों और खनन के क्षेत्र में संभावित द्विपक्षीय सहयोग पर ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बद्र हमद अल बुसैदी के साथ भी बातचीत की। सैय्यद बद्र ने जी20 सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए ओमान सरकार की ओर से भारत को बधाई दी।

### सिखों पर हमला: पाकिस्तानी राजनयिक तलब

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब करके पड़ोसी देश में सिख समुदाय के सदस्यों पर हमलों की हालिया घटनाओं पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। सूत्रों ने कहा कि अप्रैल से जून के बीच ऐसी चार घटनाएं हुई हैं भारत ने मांग की है कि पाकिस्तानी अधिकारी सिख समुदाय पर हुए इन हिंसक हमलों की ईमानदारी से जांच कराएं और रिपोर्ट साझा करें। यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान को अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, जो लगातार धार्मिक उत्पीड़न के डर में जी रहे हैं।

## हम शपथ लेते हैं... मादक पदार्थों से रहेंगे दूर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और खेल मंत्री बी नागेंद्र और छात्र-छात्राएं अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध व तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर इसकी रोकथाम की शपथ लेते हुए। -पीटीआई

## भीड़ का BSF की चौकी पर हमला पांच लोग घायल



**शिलांग।** मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में रविवार रात एक सीमा चौकी पर ग्रामीणों के हमले में सीमा सुरक्षा बल के दो जवानों समेत पांच लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि राज्य की राजधानी से 100 किलोमीटर दक्षिण में डावकी शहर के पास उमसियेम गांव में रात करीब 10 बजे भीड़ ने चौकी पर हमला कर दिया। BSF मेघालय फ्रंटियर के महानिरीक्षक प्रदीप कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, पिछले कुछ दिनों में, हमने काफी सामग्री जब्त की है, जिसे तस्करी के माध्यम से बांग्लादेश भेजा जाना था। तस्करों की भी पहचान की गई। इस कार्रवाई के बाद तस्करों ने चौकी पर हमला किया। जवाबी कार्रवाई में बीएसएफ को हवा में गोलियां चलानी पड़ी। बीएसएफ ने एक बयान में बताया कि उन्होंने 2.7 लाख रुपये के कपड़े जब्त किए हैं, जिनकी तस्करी की जानी थी।

### रक्षा मंत्री की पाकिस्तान को परोक्ष चेतावनी

# जरूरत पड़ी तो सीमा पार भी जा सकता है भारत: राजनाथ

**एजेंसी** | जम्मू

पाकिस्तान को परोक्ष रूप से चेतावनी देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत ताकतवर बनता जा रहा है और जरूरत पड़ी तो जरूरत पड़ी तो भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और उस पार भी जा सकता है। दुनिया को पता चल गया है कि आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का क्या मतलब होता है।

जम्मू विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन में सिंह ने कहा कि मुस्लिम देशों सहित दुनिया आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को कश्मीर का राग अलापने से कुछ हासिल नहीं होगा सिंह ने कहा, पुलवामा और उरी दोनों ही दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं थीं।

प्रधानमंत्री ने सर्जिकल स्ट्राइक करने का फैसला लेने में केवल 10 मिनट लिए, जो उनके मजबूत दृढ़संकल्प को दिखाता है।

हमारे सुरक्षा बलों ने न केवल सीमा के इस ओर आतंकवादियों को ढेर किया, बल्कि उन्हें मार गिराने के लिए उस पार भी गए। राजनाथ ने कहा कि भारत ने मोदी सरकार के तहत आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान का उससे कोई लेना-देना नहीं है। भारतीय संसद ने कम से कम तीन प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए हैं जिनमें कहा गया है कि पीओके भारत का हिस्सा है।

### ■ आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है पूरी दुनिया



#### सशस्त्र बलों को नवीनतम हथियार

सिंह ने सोमवार को कहा कि देश के सशस्त्र बलों को नवीनतम हथियारों से लैस किया जा रहा है क्योंकि देश आयातित हथियारों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। सरकार का लक्ष्य मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड है। हमारा लक्ष्य अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक सेनाओं की अग्रिम पंक्ति में लाना है।

#### लोकतांत्रिक प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। हालांकि, उन्होंने इस बारे में किसी विशेष समयसीमा का जिक्र नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार क्षेत्र से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (आफस्पा) को हटाने के लिए कोई विशिष्ट समयसीमा तय नहीं कर सकती।

#### सीमा मसले पर चीन के साथ वार्ता जारी

राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार भारत की सीमाओं की शुचिता का कभी भी उल्लंघन नहीं होने देगी और मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के लिए चीन के साथ सैन्य और राजनयिक स्तर पर बातचीत चल रही है। भारत और चीन के बीच सीमा मुद्दे पर लंबे समय से धारणा संबंधी मतभेद रहे हैं। 2013 से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कुछ गतिविधियां हुई हैं, लेकिन मैं इन दावों को सिरे से खारिज करता हूं कि हमारी सरकार बनने के बाद एलएसी पर कोई महत्वपूर्ण बदलाव या अतिक्रमण हुआ है।'

### कई राज्यों में और आगे बढ़ा मानसून

# बाढ़ से चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग अवरुद्ध, लोग फंसे





**एजेंसी** | नयी दिल्ली/ शिमला

उत्तर और पश्चिमी भारत के अधिकतर हिस्सों में मानसून की बारिश के कारण अचानक बाढ़ आने, भूस्खलन होने और कई जगहों पर सड़कें बंद होने का समाचार है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के औट में भीषण बारिश से अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग अवरुद्ध होने से यहां सैकड़ों यात्री फंस गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दक्षिण पश्चिम मानसून उत्तरी अरब सागर, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में और आगे बढ़ रहा है।

हिमाचल के मंडी जिले के औट में भीषण बारिश से अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग अवरुद्ध होने से यहां यात्री फंस गए। अधिकारियों ने कहा कि 70 किलोमीटर लंबा मंडी-पंडोह-कुल्लू मार्ग बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। भारी बारिश के कारण कुल 301 मार्ग बंद हैं

#### जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद

जम्मू-कश्मीर के अधिकतर भागों में सोमवार को बारिश हुई। विभिन्न इलाकों में भूस्खलन होने से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य सड़कें बंद कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, आईएमडी ने मंगलवार सुबह तक मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की चेतावनी देते हुए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया।

#### असम : बाढ़ से 1.55 लाख लोग प्रभावित

असम में बारिश में कमी आने से सोमवार को बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावितों की संख्या घटकर 1.55 लाख हो गई है।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों का अभियान जारी

## 12 बंकर नष्ट, मोर्टार के गोले जब्त

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर में सुरक्षा बलों के तलाश अभियान के दौरान 12 बंकर नष्ट कर दिए गए और मोर्टार के छह गोले जब्त किए गए हैं।

पुलिस ने रविवार रात बताया कि पिछले 24 घंटे में तामेंगलोंग, इंफाल ईस्ट, बिष्णुपुर, कांगपोकपी, काकचिंग और चुराचांदपुर जिलों में तलाश अभियान के दौरान बंकरों को नष्ट किया गया। मणिपुर में जातीय हिंसा के बाद से कुल 1,100 हथियार, 13,702 गोला-बारूद और 250 बम बरामद किए गए हैं। 135 लोगों को गिरफ्तार किया है।

#### सीएम को बर्खास्त करें पीएम: खरगे

*नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में हिंसा के मामले को लेकर सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री को सबसे पहले मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को उनके पद से बर्खास्त करना चाहिए।*

### पीएम ने की बैठक



***नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश यात्रा से लौटने पर सोमवार को वरिष्ठ मंत्रियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न मसलों पर चर्चा की*

### राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग का फैसला

# शुक्राणु की अदला-बदली पर 1.5 करोड़ का जुर्माना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने दिल्ली के एक निजी अस्पताल और संबंधित डॉक्टरों पर प्रजनन प्रक्रिया संबंधी गड़बड़ी के लिए 1.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। डाक्टरों ने महिला को गर्भ धारण में मदद के लिए पति के बजाय किसी और व्यक्ति के शुक्राणुओं का इस्तेमाल किया था।

शीर्ष उपभोक्ता आयोग ने एआरटी क्लीनिकों के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां कीं जो हाल के वर्षों में तेजी से बढ़े हैं और जहां बड़े पैमाने पर अनैतिक प्रक्रियाएं चल रही थीं। उसने कहा कि ऐसे क्लीनिकों की मान्यता की जांच के अलावा नवजात शिशुओं का डीएनए प्रोफाइल जारी करना अनिवार्य किए जाने की आवश्यकता है। आयोग की यह टिप्पणी अहम मानी जा रही है।



#### यह था मामला

आयोग दंपति की एक शिकायत पर सुनवाई कर रहा था, जिसके अनुसार पत्नी ने जून 2009 में एआरटी प्रक्रिया के माध्यम से जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था। शिशुओं का रक्त समूह क्योंकि माता-पिता से बच्चे तक संभावित रक्त समूहों के आनुवंशिक संचरण के अनुरूप नहीं था, ऐसे में बाद में पितृत्व परीक्षण या डीएनए प्रोफाइल किया गया जिससे पता चला कि महिला का पति उसके जुड़वां बच्चों का जैविक पिता नहीं था। दंपती ने सेवा में लापरवाही और कमी के लिए दो करोड़ रुपए के मुआवजे का दावा करते हुए आयोग का रुख किया। इसमें कहा गया कि इससे उनके लिए भावनात्मक तनाव, पारिवारिक कलह और आनुवंशिक रूप से विरासत में मिली बीमारियों का डर सहित कई मुद्दे पैदा हो गए।

#### पेशेवर नैतिकता भूल गए

पीठासीन सदस्य एस.एम. कानितकर ने अपने हालिया आदेश में कहा, मौजूदा मामला विरोधी पक्षों द्वारा अपनाई गई भ्रामक और अनुचित व्यापार प्रथाओं का है जो पेशेवर नैतिकता भूल गए हैं। रक्त समूह रिपोर्ट और डीएनए प्रोफ़ाइल ने स्पष्ट रूप से साबित किया कि पति बच्चों का जैविक पिता नहीं था। जुड़वां बच्चियों की पारिवारिक वंशावली अपरिवर्तनीय रूप से बदल दी गई और वे भविष्य में कठिनाइयों का सामना कर सकती हैं। संबंधित पक्षों की लापरवाही निर्णायक रूप से स्थापित थी और अस्पताल ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया। यह देखते हुए कि दोनों लड़कियां 14 साल की हैं, आयोग ने कहा कि माता-पिता ने कई खर्चे उठाए होंगे और वे "पर्याप्त मुआवजे" के हकदार हैं।

#### यह भी कहा आयोग ने

आयोग ने यह भी कहा कि आदेश की एक प्रति राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजी जाए ताकि वे एआरटी सेंटरों के लिए जरूरी निर्देश जारी करने में सक्षम हो सकें।

### धर्मार्थ संस्थान: देना होगा अतिरिक्त विवरण

# बतानी होंगी गतिविधियां धार्मिक-धर्मार्थ या दोनों

**एजेंसी** | नई दिल्ली

ने आयकर छूट का दावा करने वाले धर्मार्थ संस्थानों के लिए खुलासा मानकों में बदलाव करते हुए अतिरिक्त विवरण देने को कहा है। आयकर नियमों में किए गए संशोधन एक अक्टूबर से लागू होंगे। इसके मुताबिक, धर्मार्थ संस्थानों को अब यह खुलासा करना होगा कि उनकी गतिविधियां धर्मार्थ, धार्मिक या धार्मिक-सह-धर्मार्थ किस तरह की हैं।

सूत्रों के अनुसार एक दिन में किसी व्यक्ति से दो लाख रुपए से अधिक दान मिलने पर दान देने वाले का नाम-पता, भुगतान की राशि और पैन की जानकारी भी धर्मार्थ संस्था को अब देनी होगी। उल्लेखनीय है कि आयकर कानून के तहत धर्मार्थ संस्थानों, धार्मिक ट्रस्टों और चिकित्सा एवं शैक्षणिक संस्थानों की आय को कर से छूट मिली हुई है। हालांकि इस छूट के लिए इन संस्थानों को आयकर विभाग के पास पंजीकरण कराना होता है।



**जेकेके: संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयाम संस्था ने किया 'राजा दाहिर' का मंचन**

# 51 पात्रों ने दर्शाई बहादुरी की दास्तां

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर के मंच पर 5 अंकों, 30 प्रवेश और 51 पात्रों युक्त नाटक का कैनवास आकर्षक और बड़ा रहा। तत्कालीन पंजाब गवर्नमेंट द्वारा पुरस्कृत नाटक में कलाकारों ने आर्ट फॉर्म का शानदार प्रदर्शन किया। नजारा था जवाहर कला केंद्र में संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार) के सहयोग से आयाम संस्था के नाटक 'राजा दाहिर' के सशक्त मंचन का। नाटक सिंध के प्रतापी अंतिम हिंदू राजा दाहिर की जीवनी पर था।

यह रंगकर्मी संदीप लेले के डायरेक्शन में छह महीने की अभिनय कार्यशाला के दौरान तैयार किया गया था। इसके लेखक उदय शंकर भट्ट हैं। पंजाब, बिहार और दिल्ली यूनिवर्सिटी व राजपूताना बोर्ड, अजमेर की परीक्षाओं में नाटक मान्यता प्राप्त था।





### राजा की पुत्रियों ने लिया बदला

साहित्यकार उदयशंकर भट्ट ने नाटक में राजा दाहिर की बहादुर पुत्रियों के अपने पिता के बदले की घटना का रोमांचक वर्णन किया। कलाकारों ने इस घटना को नाटक के जरिए जीवंत कर दिया। पार्श्व में संगीत राकेश दीक्षित और मयंक शर्मा ने दिया। रंगभूषा रवि बांका और प्रकाश संचालन शहजोर अली का रहा।



### अरबी इतिहासकारों ने भी की है वीरता की प्रशंसा

कहानी में 644 ई. में सिंध की गद्दी पर बैठने वाले राजा दाहर की कहानी को बताया गया है। वे प्रतापी महाराजा चच के पुत्र थे। ये प्रतापी, वीर और यशस्वी राजा रहे। अरबों के आक्रमण और उनकी बहादुरी में लिखे गए चचनामे में अरबी इतिहासकारों ने उनकी वीरता की प्रशंसा की है। दाहर के राज्य काल में 712 ई. में अरबों की ओर से मोहम्मद बिन कासिम का सिंध पर हमला हुआ, जिसमें सिंध का विध्वंस हो गया।



### वियोगांत शैली का नाटक

यह नाटक वियोगांत शैली में लिखा गया है। पाश्चात्य साहित्य में लिखे गए वियोगांत नाटक ने दर्शकों को आकृष्ट किया। हालांकि भारतीय नाटकों में वियोगांत शैली के नाटक कम मिलते हैं, लेकिन भट्ट ने काल और परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए नाटक की रचना वियोगांत शैली में की और उसके सभी पात्रों दाहिर, हैजाज, जयशाह, कासिम, खलीफा, सूर्यदेवी, परिमला, ज्ञानबुद्ध ने जीवन के अलग-अलग रसों को प्रतिध्वनित कर दर्शकों को बांधे रखा। नाटक में डॉ. सुरेश बबलानी, योगेन्द्र गुरनानी शामिल थे।



### इन्होंने किया जीवंत अभिनय

नाटक में प्रकाश दायमा, पल्लवी, विपुल, सक्षम, धीरज, विशाल, अभिषेक, भव्य, अंकित, विक्रम, राहुल, दिलीप, हृदया, तनया, दीपक अर्काय, इंद्रपाल सिंह, गौरव, अनुराग, अंकित सेन व आशुतोष ने भूमिकाएं निभाई।

## श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** मां वैष्णो देवी अमरनाथ यात्रा सेवा समिति की ओर से बाबा बर्फानी, वैष्णो देवी एवं हिमाचल की देवी की 13 दिवसीय यात्रा सोमवार को बंगाली बाबा आश्रम, ब्रह्मचारी गणेश मंदिर, रामगढ़ रोड से रवाना हुई। गुलाबचंद श्रीमाल और श्याम सुंदर वेदी ने बताया कि यात्रा शिवखोड़ी, वैष्णो देवी, पहलगांव, बाबा अमरनाथ, बालटाल, चिंतपूर्णी माता, कांगड़ा माता, चामुंडा देवी से जम्मू होते हुए वापस जयपुर पहुंचेगी। यात्रा को गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज, वार्ड 74 पार्षद कुसुम यादव, अजय यादव, पार्षद मनीष पारीक, लोकेश मिश्रा ने रवाना किया।

## फिटनेस सेंटर का उद्घाटन



**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी के वैशाली नगर इलाके में सोमवार को फियोनिक्स फिजियोथैरेपी और फिटनेस सेंटर का उद्घाटन राजस्थान पुलिस के डीआईजी संदीप सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. अर्पिता जग्गा ने बताया कि निर्माण नगर के बाद यह उनकी दूसरी ब्रांच है और यह प्रदेश का आधुनक मशीनों से युक्त सेंटर है। इस मौके पर डायरेक्टर प्रकाश जग्गा के अलावा नगर निगम चेयरमैन राखी राठौड़, मानसरोवर व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक जग्गा, विकास सिरोही, सुरजाराम मील समेत कई लोग मौजूद रहे।

## महावीर भवन में मंगल प्रवेश



**बेधड़क. जयपुर।** महाश्रमणी गुरुमाता महासती श्रीपुष्पवती म. सा., सद्गुरुवर्या महासती डॉ. श्री राजमती म. सा. आदि ठाणा 7 का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश किरण पथ, मानसरोवर स्थित महावीर भवन में हुआ। मंगल प्रवेश एक जुलूस के रूप में पोरवाल भवन से प्रारंभ होकर महावीर भवन पहुंचा। करीब दो किलोमीटर की यात्रा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु जयघोष का नारा लगाते हुए चल रहे थे, जिसमें श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्था, श्राविका मंडल, युवा प्रकोष्ठ के सदस्य और जयपुर के विभिन्न उपनगरों और बाहर से आए लोग सम्मिलित हुए। जुलूस महावीर भवन पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हो गया। इस अवसर पर श्रीसंघ मंत्री प्रकाश लोढ़ा ने दैनिक धार्मिक गतिविधियों की जानकारी दी।

## City इवेंट्स

### विधायक सराफ ने किया सड़क का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 136 स्थित महेश नगर में पानी की टंकी के पास सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित सड़क का लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद उषा टाटीवाल ने बताया कि महेश नगर में पानी की टंकी के पास वाली सड़कें टूटी हुई थी। स्थानीय लोगों की मांग पर सराफ ने पीडब्ल्यूडी के द्वारा इन सड़कों का नवीनीकरण करवाया है। विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सुभाष अग्रवाल, तरुण गौड़, आरडी भीमवाल, प्रीतम, विक्रांत, शैलेंद्र यादव, जितेंद्र राव, सुशीला राव, ओमप्रकाश, सुरेंद्र नरणीया, संपतराम, रामेश्वर दयाल, मुकेश गोयल, भूपेंद्र, रामकुमार, कुंज बिहारी, कालूराम, जुगल किशोर, सतीश, भंवर सिंह, जब्बूराम, घनश्याम, रमेशचंद्र, वेदप्रकाश, डीबी गुप्ता, गोपीराम, लक्ष्मीचंद एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पुस्तक विमोचन व साहित्य चर्चा आज

**बेधड़क. जयपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी और राही रैंकिंग की ओर से मंगलवार को साहित्य की छाया और बाल साहित्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे अकादमी संकुल सभागृह झालाना में होने वाले कार्यक्रम में पुस्तक 'इकराम की दुनिया', डॉ. संजीव कुमार की किताब और राही रैंकिंग अध्यक्ष प्रो. प्रबोध कुमार गोविल के बाल उपन्यास का विमोचन व साहित्य पर चर्चा होगी। अकादमी सचिव राजेन्द्र मोहन शर्मा ने बताया कि अकादमी की मासिक पत्रिका 'सतरंगा बचपन' के पहले अंक का विमोचन इसके सम्पादक सत्यदेव सवितेंद्र करेंगे। मेला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष रमेश बोराणा, नन्द भारद्वाज, लोकेश कुमार साहिल व अन्य साहित्य प्रेमी शिरकत करेंगे।

### जैन की स्मृति में दिया जाएगा अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** दिवंगत फिल्म मेकर श्रवण जैन की स्मृति में राजस्थानी सिनेमा विकास संघ की ओर से अवॉर्ड दिया जाएगा। यह घोषणा संघ कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राजस्थानी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के बीच संरक्षक विपिन तिवारी ने की। इस मौके पर फिल्म मेकर्स ने श्रवण जैन से जुड़ी यादें साझा की। राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के संरक्षक विपिन तिवारी, अध्यक्ष शिवराज गुर्जर, महासचिव अजय तिवारी, निर्देशक सुरेश मुद्गल, अभिनेत्री ऊषा श्री, अभिनेता राज जांगिड़, श्रवण सागर, अमिताभ तिवारी, कमल मीणा, उग्रसेन तंवर, सिकंदर चौहान, राजेंद्र बड़जात्या, डॉ. राहुल राज, महावीर सोनी, मिताली सोनी, मेकअप मैन ऋतुराज बांका, डीएपी बलजीत गोस्वामी सहित राजस्थानी सिनेमा से जुड़े लोगों ने जैन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**थैंक्स प्रोग्राम का किया गया आयोजन**

## प्रदेश के युवा पढ़ेंगे रेजांगला युद्ध के वीरों की कहानियां



**बेधड़क | जयपुर**

अब जयपुर व प्रदेश के युवा रेजांगला युद्ध के वीरों की कहानी पाठ्यक्रम में पढ़ेंगे। इससे उनको भी देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलेगी। साथ ही अहीर रेजिमेंट होगी और श्रीकृष्ण बोर्ड अस्तित्व में आएगा।

इन सभी की शुरुआत करने के लिए घोषणाएं की गई हैं। ऐसे में थैंक्स प्रोग्राम आयोजन किया गया, जिसमें भारत यादव ने बताया कि हम जागरूक हैं। सभी में खुशी है कि रेजिमेंट होगी तो सम्मान मिलेगा। वहीं विपिन यादव ने कहा कि हमारी इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए मांगों को मान लिया गया।

अब सिलेबस में रेजांगला युद्ध को शामिल किया जाएगा। इससे युवाओं के सामने देश के वीरों की कहानी होगी और वे उनसे प्रेरणा ले सकेंगे। समाज के लोगों ने इसके लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें थैंक्स करते हुए अहीर जन जागृति सम्मेलन कोर कमेटी की डॉ. सुनीता यादव, मंजू यादव, तेजराज यादव, ओमप्रकाश यादव, एडवोकेट आशीष यादव व अन्य लोगों ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण बोर्ड का गठन, जयपुर की किसी सड़क का नाम रेजांगला मार्ग रखने, रेजांगला के अमर शहीदों की शहादत के सम्मान में मेजर शैतान सिंह म्यूजियम की स्थापना करने की अपील करते हुए इच्छा जाहिर की थी।

अब यह सब अस्तित्व में आएगा तो युवा इनसे प्रेरित होंगे। इसके लिए हम सभी एकत्रित हुए और थैंक्स प्रोग्राम रखा गया।

**रामबाग गोल्फ क्लब में चौथा मंथली टूर्नामेंट**

## गोल्फर्स ने खेल में शानदार प्रदर्शन कर जीते पुरस्कार



**बेधड़क | जयपुर**

गोल्फ टूर्नामेंट में गोल्फर्स ने शानदार शॉट्स लगाकर पुरस्कार जीते। ट्रॉफी हाथ में आई तो जोश और दोगुना हो गया। यह नजारा था जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में दो दिवसीय चौथे मंथली गोल्फ टूर्नामेन्ट के आयोजन का।

टूर्नामेंट के फाइनल्स आरजीसी मैदान पर खेले गए। विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को कुल 12 पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में रामबाग गोल्फ क्लब के कप्तान शिरिष सचेती, मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत और एग्जीक्यूटिव कमेटी सदस्यों ने हिस्सा लिया। समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी दी गई।

### इनको दिए पुरस्कार

टूर्नामेंट में बेस्ट वेटरन गोल्फर का पुरस्कार प्रताप सिंह (जयगढ़ हाऊस) और बेस्ट लेडीज गोल्फर का पुरस्कार इति चौधरी (अल्बर्ट हाऊस) ने जीता। टूर्नामेंट के विजेताओं को अलग-अलग हैंडीकेप्स की श्रेणियों में पुरस्कार (विजेता व उपविजेता दोनों को) प्रदान किए गए। इस दौरान हैंडीकैप कैटेगरी 00-11 में आमेर हाऊस से अभ्युदय रावत विजेता और जयगढ़ हाउस से अर्जुन कुच्छल उपविजेता रहे। हैंडीकैप कैटेगरी 12-18 में कमल एस. नरूका (जयगढ़ हाऊस) विजेता और उपविजेता उपेन्द्र बोथरा (आमेर हाऊस) थे। वहीं हैंडीकैप कैटेगरी 19-24 में राकेश चौधरी (अल्बर्ट हाऊस) विजेता और कृष यादव (जयगढ़ हाऊस) उपविजेता रहे।

**निर्वाणोत्सव** **शहर के जैन मंदिरों में हुए आयोजन**

# नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक पर बही भक्ति की धारा

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स ने मूल नायक भगवान नेमिनाथ का निर्वाणोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया। जनकपुरी, ज्योतिनगर जैन मन्दिर में हुए कार्यक्रम के बारे में प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन निर्वाण की पूर्व संध्या पर आरती हुई। इसके बाद 24 तीर्थंकर की 24 दीपक से समंतभद्राचार्य रचित 143 पद्य महाअर्चना रमेश साखूनिया के निर्देशन में की गई। दूसरे दिन आषाढ़ शुक्ला अष्टमी सोमवार को मूल नायक जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ के प्रथम अभिषेक का सौभाग्य रमेश अरविंद साखूनिया परिवार को मिला। इसके बाद अरिष्ट नेमि देवाधिदेव दिवस मनाते हुए नेमिनाथ गाथा अर्थ सहित समझाई गई। जगत शांति के लिए बीजाक्षर व रिद्धि मंत्र युक्त वृहद् शान्ति धारा मैना सुंदर अरविन्द बेला की गई। चीकू भैया के सानिध्य में भगवान नेमिनाथ की शान्त भाव से अष्ट द्रव्य से अर्थ समझाते हुए भक्ति के साथ पूजा की गई। निर्वाण काण्ड का वाचन कर जयकारों के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया।





### जलाभिषेक व पंचामृत अभिषेक किए

शहर के मंदिरों में भी तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के आयोजन किए गए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि मंत्रोच्चार से भगवान नेमिनाथ के जलाभिषेक व पंचामृत अभिषेक किए गए। मंत्रोच्चार के साथ शांति धारा की गई। अष्ट द्रव्य से पूजा करते हुए भगवान नेमिनाथ का निर्वाणोत्सव मनाया गया। अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा में आचार्य चैत्य सागर ससंघ के सानिध्य में अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापूगांव में भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया और लाडू चढ़ाया। मालवीय नगर के शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर 3 में महेन्द्र साह आबूजीवाले, लल्लू लाल बैनाडा, प्रेम चंद बैनाडा के नेतृत्व में निर्वाणोत्सव मनाया गया। तारों की कूंट पर सूर्य नगर के श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, आमेर के श्रीनेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मंगलम आनन्दा के श्रीनेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, आगरा रोड श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि जैन मंदिर में आयोजन किए गए।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 27 जून, 2023



प्रकृति, समय और धैर्य ये तीन
हर दर्द की दवा हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## पाकिस्तान में बिजली गिरने से 20 की मौत



*लाहौर।* पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भारी बारिश और बिजली गिरने से जुड़ी घटनाओं में महिलाओं और बच्चों समेत 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। रविवार और सोमवार को पंजाब के ज्यादातर हिस्सों में भारी मानसून की पूर्व बारिश हुई और इसके 30 जून तक जारी रहने की संभावना है। 'रेस्क्यू-1122' के प्रवक्ता फारूक अहमद ने कहा कि पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य व्यक्ति या तो जिंदा दफन हो गए या बिजली की चपेट में आ गए। उन्होंने कहा कि बिजली गिरने से नारोवाल, शेखपुरा और ननकाना साहिब शहरों में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 10 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में उपचार हो रहा है। अहमद ने कहा कि नारोवाल में मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बारिश से जुड़ी घटनाओं में लाहौर, शेखुपुरा, पसरूर, सियालकोट और कामोके में बिजली की चपेट में आने से आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक पुलिसकर्मी भी शामिल है।

### मंदिर से सोना गायब: CIAA ने 'जलहरी' का किया वजन

# पशुपतिनाथ मंदिर के कपाट खुले

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर में जलहरी को लेकर हुए भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने रविवार को मंदिर के परिसर को खाली करा दिया था, लेकिन अब मंदिर सोमवार को भक्तों के लिए फिर से खोल दिया।

अधिकारियों ने कहा कि जलहरी में गायब सोने को लेकर जांच की थी और उसका वजन तौला था। एक रिपोर्ट अनुसार 100 किलोग्राम वजन के जलहरी से 10 किलोग्राम सोना गायब होने की बात सामने आई थी, जिसका मुद्दा नेपाल संसद में भी उठा था जिसके बाद जांच बैठाई गई।

सीआईएए की एक विशेष टीम ने सोने का वजन सफलतापूर्वक पूरा किया। तौल प्रक्रिया रविवार शाम 6 बजे शुरू हुई और सोमवार तड़के सुबह 2 बजे समाप्त हुई। सीआईएए के प्रवक्ता भोला दहल ने कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं और किसी निष्कर्ष पर पहुंचने में कुछ समय लगेगा। जांच पूरी होने तक हम आभूषण के बारे में कुछ नहीं कह सकते। दहल के मुताबिक, जांच को फिलहाल गुप्त रखा गया है। सीआईएए वजन माप रहा है और आभूषण की गुणवत्ता चेक की जा रही है।



### क्या है मामला

पशुपतिनाथ मंदिर काठमांडू का सबसे पुराना हिंदू मंदिर है। जलहरी एक सोने का आभूषण है जो पिछले साल महा शिवरात्रि के दौरान मंदिर के अंदर शिवलिंग के चारों ओर स्थापित किया गया था। इस शिवलिंग के आभूषण से 10 किलोग्राम सोना गायब होने की रिपोर्ट के बाद रविवार को जांच प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान पशुपति मंदिर परिसर में नेपाल सेना के जवानों सहित दर्जनों सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया और मंदिर को परिसर को बंद कर दिया था।

### पुतिन के शासन की कमजोरियों को किया उजागर

# विद्रोह खत्म, परंतु रूस के लिए 'राह' आसान नहीं

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस के खिलाफ बगावत करने वाले निजी सैन्य समूह 'वैगनर' ने भले ही अपना विद्रोह खत्म कर दिया हो, लेकिन इसने रूस की कमजोरियों को जगजाहिर कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में दो दशक से अधिक के कार्यकाल को सबसे बड़ी चुनौती देते हुए 'वैगनर ग्रुप' के प्रमुख येवगेनी प्रीगोझिन ने गत सप्ताहांत अपने लड़ाकों को मॉस्को की तरफ कूच करने का आदेश दिया था। प्रीगोझिन ने अचानक क्रेमलिन के साथ समझौता कर पीछे हटने और बेलारूस जाने की घोषणा कर दी थी। प्रीगोझिन को बेलारूस में निर्वासन में रहना होगा। यह एक ऐसा देश है जहां बागी तेवर उनके अपने वतन (रूस) से भी ज्यादा अस्वीकार्य हैं।

### ऑस्ट्रेलिया: रूस की याचिका खारिज

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सर्वोच्च अदालत ने रूस द्वारा दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें रूसी दूतावास को हटाने के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। उच्च न्यायालय ने इस याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि भूखंड के पट्टे (लीज) को समाप्त करने वाले कानून को संवैधानिक आधार पर चुनौती देने का रूस का कदम 'कमजोर' और 'समझ से परे है।'



### 'असाधारण' घटना: एंटनी ब्लिंकन

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सप्ताहांत की घटनाओं को 'असाधारण' करार दिया और कहा कि 16 महीने पहले पुतिन यूक्रेन की राजधानी पर कब्जा करने को तैयार थे और अब उन्हें उस व्यक्ति के नेतृत्व वाली सेनाओं से मॉस्को की रक्षा करनी पड़ रही है, जो कभी उनका शिष्य था। ब्लिंकन ने चैनल 'एनबीसी' के 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम में कहा कि मुझे लगता है कि हमने रूस की दीवार में और अधिक दरारें उभरती देखी हैं। उन्होंने कहा कि अभी यह बताना जल्दबाजी होगी कि आगे की दशा और दिशा क्या होगी, लेकिन निश्चित रूप से हमारे पास कई सवाल हैं, जिन्हें आने वाले हफ्तों या महीनों में पुतिन को सुलझाना होगा।।

### विद्रोह के बाद पहली बार दिखे रक्षा मंत्री

मॉस्को। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु 'वैगनर' द्वारा विद्रोह करने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए और उन्होंने सोमवार को यूक्रेन में सैनिकों का निरीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक वीडियो में यह बात सामने आई। 'वैगनर' समूह के रूस के एक शहर पर कब्जा करने और राजधानी की ओर बढ़ने के घटनाक्रम के लिए रूस के तीन शक्तिशाली नेताओं को जिम्मेदार माना जा रहा है जिनमें रक्षा मंत्री भी शामिल हैं। तब से 'वैगनर' समूह के प्रमुख येवगेनी प्रीगोझिन और जनरल स्टाफ प्रमुख जनरल वी गेरासिमोव ने कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है। रूसी राष्ट्रपति भी तब से सार्वजनिक रूप से कहीं नहीं दिखे हैं। रक्षा मंत्रालय के जारी एक वीडियो में शोइगु को एक हेलिकॉप्टर में उड़ान भरते और फिर यूक्रेन में सेना के एक मुख्यालय में सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करते देखा गया।

### पुतिन और रूसी सेना पर पड़ा असर

ब्रिटिश सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के पूर्व प्रमुख लॉर्ड रिचर्ड डैनाट ने कहा कि पुतिन और रूसी सेना पर असर पड़ा है और जहां तक यूक्रेन का सवाल है यह घटनाक्रम उसके लिए महत्वपूर्ण है। प्रीगोझिन ने बेलारूस जाने के लिए अपने रुख को वापस ले लिया है, लेकिन क्या यह येवगेनी प्रीगोझिन और वैग्नर समूह का अंत है। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को फोन पर बातचीत के दौरान बताया कि रूस में वापस लिए जा चुके इस विद्रोह ने पुतिन के शासन की कमजोरियों को उजागर किया है। 'सीएनए अनुसंधान समूह' में 'रूस अध्ययन' के निदेशक माइकल कॉफमैन ने एक पॉडकास्ट में कहा कि मुझे सच में लगता है कि यूक्रेन के हमले में पिछले तीन हफ्तों में रूस को पहुंचे नुकसान की तुलना में 'वैगनर' ने शायद पिछले एक दिन में रूस के हवाई बलों को अधिक नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेन को उम्मीद थी कि रूस की अंदरूनी लड़ाई उनकी सेना को रूस द्वारा कब्जे में लिए गए उसके क्षेत्रों को वापस हासिल करने का मौका देगी।

### सैन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में रहे नाकाम

# पाकिस्तानी फौज के तीन अफसर बर्खास्त

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को कहा कि नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने पर एक लेफ्टिनेंट-जनरल सहित तीन अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया और तीन मेजर जनरल तथा सात ब्रिगेडियर के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की थी। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी भीड़ ने हमला किया था। सैन्य प्रवक्ता मेजर जनरल अरशद शरीफ ने बताया कि सेना ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के संबंध में दो बार जांच कराई और कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि जवाबदेही प्रक्रिया पर विचार-विमर्श करने और अदालती जांच ध्यान में रखते हुए, उन लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई जो सैन्य प्रतिष्ठानों, जिन्ना हाउस और जनरल मुख्यालय की सुरक्षा और सम्मान को बरकरार रखने में नाकाम रहे।







### अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन बोले...

# अमेरिका-भारत की दोस्ती सबसे खास

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि अमेरिका और भारत की दोस्ती दुनिया में 'सबसे महत्वपूर्ण' है और द्विपक्षीय संबंध पहले से कहीं अधिक जीवंत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान अमेरिका और भारत के अपनी रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी को और बढ़ाने के लिए कई प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर करने के बाद बाइडेन ने यह बयान दिया।

बाइडेन ने ट्वीट किया, 'अमेरिका और भारत के बीच की दोस्ती दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है। यह पहले से कहीं अधिक मजबूत, गहरी और जीवंत है।' व्हाइट हाउस ने अपने साप्ताहिक ईमेल में कहा, प्रधानमंत्री मोदी की राजकीय यात्रा ने अमेरिका और भारत के बीच गहरी तथा करीबी साझेदारी की पुष्टि की। इसमें स्वतंत्र, मुक्त, समृद्ध और सुरक्षित हिंद-प्रशांत की साझा प्रतिबद्धता को दोहराया गया और रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा तथा अंतरिक्ष सहित उनकी रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ाने के साझा प्रयासों पर भी चर्चा की गई। व्हाइट हाउस के अनुसार, 'दोनों नेताओं ने अमेरिका और भारत के शैक्षिक आदान-प्रदान, लोगों से लोगों के बीच संबंधों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से लेकर कार्यबल विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी आम चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने के तरीकों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने रक्षा, अंतरिक्ष और व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



### पीएम मोदी ने भी दिया ट्वीट का जवाब

प्रधानमंत्री मोदी ने बाइडेन के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा, 'राष्ट्रपति जो बाइडेन, मैं आपकी बात से पूरी तरह से सहमत हूं। हमारे देशों की दोस्ती वैश्वक हित में है। इससे हमारी धरती और बेहतर तथा अधिक टिकाऊ बनेगी। उन्होंने कहा, 'मेरी हाल की यात्रा में जिन मुद्दों पर चर्चा की गई है, उससे हमारे संबंध और मजबूत होंगे।'

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl